वर्ष : 33 | अंक : 87 | पृष्ठ : 8 | मुंबई, गुरुवार, 13 जून 2024 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 5 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल

दो बजे

दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

आग-पानी का महासंकट

डोंबिवली MIDC और ठाणे में लगी आग, 1 की मौत

- महाराष्ट्र में बारिश से अब तक 14 लोगों की मौत
- भूस्खलन से 2 की मौत

अमित बृज | मुंबई

महाराष्ट्र के अलग-अलग जिलों में इन दिनों संकट का पहाड़ टूटा हुआ है। कहीं आग लगने की घटना रुक नहीं रही है तो कहीं बारिश ने तांडव मचा रखा है। बुधवार को ठाणे शहर में 27 मंजिला आवासीय इमारत के एक फ्लैट में भीषण आग लग गई। वहीं डोंबिवली MIDC फेज दो क्षेत्र में स्थित एक केमिकल कंपनी में सुबह साढ़े दस के करीब आग लगी। बात बारिश की करें तो मानसून के कारण महाराष्ट्र में अब तक 14 लोगों की जान चली गई।

मालशेज घाट पर भारी बारिश के कारण भूस्खलन : मौसम विभाग ने देश के 12 राज्यों के लिए तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, केरल, कर्नाटक और तेलंगाना शामिल हैं। मानसून के कारण महाराष्ट्र में बीते 24 घंटे में तेज बारिश हुई है। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में कल्याण-अहमदनगर राजमार्ग के मालशेज घाट पर भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ। इससे पहाड़ी से एक बड़ा पत्थर ऑटो रिक्शा पर गिर गया। हादसे में चाचा-भतीजे की मौत हो गई। मरने वालों के नाम राहुल बबन भालेराव (30) और स्वयं सचिन भालेराव (7) हैं। पेज 2 भी देखें

बारिश का कहर जारी : मराठवाड़ा के सात जिलों में 1 जून से बारिश से संबंधित घटनाओं में 14 लोगों की जान चली गई है। इनमें से चार मौतें पिछले दो दिनों में ही हुई हैं। चार पीड़ितों में से दो 14 वर्षीय लड़का और 40 वर्षीय महिला हैं। इनमें से ग्यारह मौतें बिजली गिरने से हुईं। बाढ़ के पानी में बह जाने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की मौत गोशाला ढहने से हुई। मराठवाड़ा के कुल आठ जिलों में से सात जिलों में ये मौतें हुईं, जबकि छत्रपति संभाजीनगर में कोई मौत नहीं हुई। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, सबसे ज्यादा चार मौतें लातूर जिले में हुईं, जबकि परभणी और नांदेड़ में तीन-तीन मौतें हुईं। चार अन्य जिलों - जालना, हिंगोली, बीड और धाराशिव में एक-एक मौत हुई।

251 जानवरों की भी गई जान

1 जून से मराठवाड़ा के सभी आठ जिलों में प्राकृतिक आपदाओं के कारण इंसानों के अलावा 251 जानवरों की भी जान चली गई। इनमें से 99 जानवरों की मौत पिछले दो दिनों में हुई।

डोंबिवली MIDC में फिर आग का तांडव

डोंबिवली MIDC फेज दो क्षेत्र में स्थित एक केमिकल कंपनी में सुबह साढ़े दस के करीब आग लगी। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यहां दो केमिकल कंपनियां हैं जो आग की चपेट में आई है। पेज 2 भी देखें

अपार्टमेंट में लगी भीषण आग

ठाणे शहर में तुलसीधाम सोसाइटी में इमारत की चौथी मंजिल पर स्थित अपार्टमेंट में सुबह 3.11 बजे आग लग गई। बचावकर्मियों ने फ्लैट के एक कमरे में अरुण केडिया नामक व्यक्ति को बेहोशी की हालत में पड़ा पाया। अधिकारी ने बताया कि उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पेज 2 भी देखें

छत्रपति संभाजीनगर में सूखे की स्थिति

मौसंबी के उत्पादन में अग्रणी महाराष्ट्र में सूखे के कारण मौसंबी के लाखों पेड़ सूख गये हैं। सूखे की स्थिति और पानी की कमी के कारण राज्य के छत्रपति संभाजीनगर और पड़ोसी जालना जिले के बगीचों में 11 लाख से अधिक मौसंबी के पेड़ों को नुकसान हुआ है। राज्य कृषि विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि सूखे के कारण इन जिलों में 4,062 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर लगे मौसंबी के पेड़ सूख गए हैं। पेज 2 भी देखें

दायित्वनामा

सहने और कहने की क्षमता

हिंदू धर्म प्रेम और बंधुत्व का धर्म है। इस धर्म ने दुनिया को हमेशा इंसानियत का रास्ता दिखाया है। यही कारण है कि भारत ने कभी किसी देश पर आक्रमण नहीं किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने इसी महान धर्म के आधार पर अहिंसा के रास्ते पर चलकर क्रूर अंग्रेजों को घुटने टेकने पर मजबूर किया। पर इधर भारत के कुछ लोग इस महान धर्म को बरगलाने का प्रयास कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है कि अयोध्या जाएं पर प्रसाद न खरीदें? यूपी के लोग गद्दार हैं! कैसी बीमार मानसिकता के लोग हैं ये..? ये कौन लोग हैं, क्या ये किसी राजनैतिक दल के सदस्य हैं? या ये हिंदू धर्म को लेकर वास्तव में चिंतित लोग हैं? या वे लोग हैं, जो भारत की महानता को अक्षुण्ण रखने के लिए रात दिन लगे हुए हैं?

अरुण लाल

सच तो यह है कि ये इनमें से कोई नहीं हैं। किसी को लग सकता है कि ये एक राजनैतिक दल के सदस्य हैं, पर हकीकत यह नहीं है। ये असहज लोग हैं, जिनकी कुछ भी सहने की क्षमता समाप्त हो गई है। कोई भी राजनैतिक दल इस तरह का वाहियात प्रचार करने की सोच भी नहीं सकता, क्योंकि राजनीति का सबसे बड़ा हथियार सब्र व सहनशीलता है।

हर राजनेता जानता है कि हार और जीत तो क्षणिक है, आज जो हारा है कल वह जीत भी जाएगा। अब अगर बात करें हिंदू धर्म की रक्षा की तो धर्म की रक्षा किसी दूसरे से करने की जरूरत नहीं होती, धर्म स्वयं में रक्षा कवच होता है, बस उसे धारण करना होता है, जैसे महात्मा गांधी ने किया, बुद्ध ने किया, और भी हजारों लाखों, करोड़ों लोगों ने किया।

यदि हम हिंदू धर्म की सबसे बड़ी बात की चर्चा करें तो वह है सहनशीलता, पर इधर लोगों की सहने की क्षमता कम हुई है और कहने की क्षमता हद से ज्यादा बढ़ गई है। जब भी किसी इंसान की सहने की क्षमता घटती है तब वह बिना सिर पैर की बातें कहने लगता है। ऐसे में वह समझ नहीं पाता कि वह क्या कह रहा है, उसका परिणाम क्या होगा।

पिछले ढाई दशक में भारत ने सुविधा युग में प्रवेश किया है। इस युग में चारों तरफ सुविधाएं हैं। सुविधाओं का अंबार इतना ज्यादा है कि थोड़ी असुविधा से इंसान बिदक जाता है। और यह बिदका हुआ इंसान अनाप-सनाप काम करके अपना और अपने करीबियों का जीवन कठिन बताता है। माता-पिता अपने बच्चों को सहनशीलता नहीं सिखा पा रहे हैं। हर व्यक्ति अपने अधिकार को लेकर अत्यंत जागरुक है। बहुत सारे लोग तराजू लेकर खड़े हैं। अगर मेरे मन का नहीं हुआ तो मैं आपके वजूद से ही इंकार कर दूंगा। सहनशीलता का न होना इतना घातक है कि इसने समाज में मानसिक तनाव का स्तर हजारों गुना बढ़ा दिया है।

बिना मतलब के लोग एक दूसरे से नफरत कर रहे हैं। सोशल मीडिया में कुछ लोग नफरत की दुकानें खोल बैठे हैं। हर व्यक्ति अपने नजरिए से दुनिया चलाना चाहता है, इसके चलते हर स्तर का टकराव देखने को मिल रहा है। उसके पीछे सिर्फ एक कारण है, सहने की क्षमता का न होना।

सहनशीलता का न होना हमारे सामने महामारी की तरह खड़ा है, यदि हमने तत्काल ठोस कदम नहीं उठाए तो यह समाज व्यवस्था को बिगाड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। याद रहे दुनिया में जो भी कुछ क्रिएटिव है, वह सब सहनशीलता की बदौलत है। बार-बार विफलता को सहने के बाद ही प्रयोग हुआ करते हैं।

न्यूज ब्रीफ

ज्योतिर्मठ के नाम से जाना जाएगा जोशीमठ

चमोली। जिले की जोशीमठ तहसील अब आधिकारिक तौर पर अपने प्राचीन नाम ज्योतिर्मठ से जानी जाएगी। नाम परिवर्तन की इस घोषणा की घोषणा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिछले साल चमोली जिले के एक शहर घाट में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान की थी। जोशीमठ का नाम बदलकर ज्योतिर्मठ करना एक ऐसा कदम है जिसका उद्देश्य क्षेत्र की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करना है, जो इसकी प्राचीन जड़ों को दर्शाती है। भारत सरकार ने नैनीताल जिले की तहसील कोश्याकुटोली का नाम बदलकर परगना श्री कैंची धाम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। क्षेत्रीय जनता और बाबा नीब करोरी महाराज के भक्तों ने सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है।

फंड आवंटन में केंद्र सरकार का महाराष्ट्र के साथ सौतेला व्यवहार : नाना पटोले

मुंबई। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने फंड आवंटन में केंद्र सरकार का महाराष्ट्र के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी सहित सभी प्रकार के करों के मामले में सबसे ज्यादा पैसा महाराष्ट्र से केंद्र सरकार को जाता है। इसके बावजूद फंड आवंटन में महाराष्ट्र के साथ सौतेला व्यवहार जारी है। नाना पटोले ने बुधवार को मुंबई में पत्रकारों को बताया कि नई एनडीए सरकार के गठन के बाद राज्यों को जो धनराशि वितरित की गई। इनमें से, भाजपा शासित उत्तर प्रदेश को सबसे अधिक 25,000 करोड़ रुपये, मध्य प्रदेश को 10,970 करोड़ रुपये और बीजेपी समर्थित बिहार को 14,000 करोड़ रुपये दिए गए हैं, लेकिन महाराष्ट्र को केवल 8,828 करोड़ रुपये दिए गए हैं। पटोले ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

मौसम

	तापमान	नमी
मुंबई	29.0-23.0	79%

सूर्यास्त गुरुवार 07:16 बजे
सूर्योदय शुक्रवार 06:00 बजे

सलमान और अरबाज खान के बयान दर्ज

सलमान खान फायरिंग मामला

धीरज सिंह | मुंबई

गैलेक्सी अपार्टमेंट में हुई फायरिंग मामले में बुधवार को मुंबई पुलिस की टीम ने सलमान खान और उनके भाई अरबाज खान के बयान दर्ज किये हैं। सलमान खान के घर पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के शूटरों ने 14 अप्रैल को सुबह फायरिंग की थी। इस मामले में पांच लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है और सभी के बयान दर्ज किए जा चुके हैं।

रोहित गोदारा के खिलाफ केस दर्ज

मुंबई में सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर 14 अप्रैल को हुई गोलीबारी की घटना में रोहित गोदारा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जांच में गोदारा को भी आरोपी बनाया गया है। जानकारी के अनुसार, मुंबई क्राइम ब्रांच ने सलमान खान फायरिंग मामले में अब तक 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और 4 आरोपी फरार हैं और तलाश जारी है। इस मामले में पहले गिरफ्तार किए गए आरोपियों में शूटर सागर पाल और विक्की गुप्ता के साथ-साथ हथियार आपूर्तिकर्ता सोनू सुभाष चंदर और अनुज थापन भी शामिल थे। पांचवें आरोपी मोहम्मद चौधरी को राजस्थान से गिरफ्तार किया गया था। छठे आरोपी हरपाल सिंह को भी हरियाणा के फतेहाबाद से गिरफ्तार किया गया था। उसने कथित तौर पर मोहम्मद चौधरी को वित्त पोषित किया और उसे रेकी करने के निर्देश दिए।

मुस्लिम आरक्षण पर बदल रही हवा

नायडू के बाद अब अजित पवार का NCP ने किया समर्थन

एन. के. पुरोहित | मुंबई

अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने बुधवार को कहा कि वह मुसलमानों को शिक्षा में आरक्षण दिए जाने के मुद्दे पर अडिग है। तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के बाद ऐसा कहने वाली NCP दूसरी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सहयोगी है। गौरतलब है कि राज्य में भाजपा के साथ गठबंधन में होने के बावजूद मुस्लिम आरक्षण जैसे मुद्दे पर चंद्रबाबू नायडू ने अपना अलग रुख रखा और मुस्लिम आरक्षण की पैरवी की। उन्होंने खुलकर कहा, "हम शुरू से ही मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण का समर्थन कर रहे हैं और यह जारी रहेगा।"

एनसीपी ने खुलकर मांग की

अब एनसीपी ने भी इसकी खुलकर मांग की है। एनसीपी के मुख्य प्रवक्ता उमेश पाटिल ने कहा, "प्रगतिशील विचारधारा केवल आरक्षण देने के लिए नीतियां बनाने तक सीमित नहीं है। 'शिव, शाहू, फुले और अंबेडकर' की प्रगतिशील विचारधारा समाज में समावेशी रुख अपनाती है। यह समानता का विचार है। मुसलमानों को 5 प्रतिशत आरक्षण देने के हमारे फैसले को उच्च न्यायालय ने स्वीकार कर लिया था। हालांकि, बाद में इस मुद्दे को टाल दिया गया। हम अपनी इस स्थिति पर अडिग हैं कि मुस्लिम समुदाय को आरक्षण मिलना चाहिए।

ओडिशा में पहली बार भाजपा की सरकार

15वें CM बने मोहन माझी : केवी सिंहदेव, प्रभाती परिदा डिप्टी CM बने

भुवनेश्वर। ओडिशा में पहली बार भाजपा की सरकार बन गई है। 52 साल के मोहन चरण माझी ने बुधवार को राज्य के 15वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। उनके साथ दो डिप्टी CM कनक वर्धन सिंहदेव (67) और प्रभाती परिदा (57) ने भी शपथ ली।

13 मंत्रियों ने भी शपथ ली

माझी मंत्रिमंडल में 13 मंत्रियों ने भी शपथ ली। इनमें सुरेश पुजारी, रबिनारायण नाइक, नित्यानंद गोंड, कृष्ण चंद्र पात्रा, पृथ्वीराज हरिचंदन, मुकेश महालिंग, बिभूति भूषण जेना, कृष्ण चंद्र महापात्रा, गणेश राम सिंह खुंटिया, सूर्यवंशी सूरज, प्रदीप बालसामंता, गोकुला नंद मल्लिक और संपद कुमार स्वैन शामिल हैं।

ये रहे शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद

शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, जेपी नड्डा, अमित शाह के अलावा उत्तर प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, असम, हरियाणा, गोवा और उत्तराखंड के CM भी मौजूद थे।

नई सरकार के बाद पहले संसद सत्र की तारीख तय

24 जून से तीन जुलाई तक चलेगा संसद सत्र

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी
- विपक्ष के तेवर तीखे रहने के आसार, विभिन्न मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरने की कोशिश होगी

नई दिल्ली। अठारहवीं लोकसभा का पहला संसद सत्र 24 जून से शुरू होगा। यह सत्र तीन जुलाई तक चलेगा। लोकसभा में सबसे पहले नव निर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाई जाएगी। वहीं, राज्यसभा का सत्र 27 जून से शुरू होगा। सरकार का नया बजट मानसून सत्र में आएगा जो कि जुलाई के उत्तरार्द्ध में शुरू होगा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार बताया कि सत्र के पहले तीन दिनों में नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे और उसके बाद सदन के नए अध्यक्ष का चुनाव होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी और अगले पांच वर्ष के लिए नई सरकार के कामकाज की रूपरेखा पेश करेंगी।

हादसा | रियल एस्टेट मालिक के लालच ने लील ली 49 जिंदगियां

कुवैत की बिल्डिंग में आग, 49 की मौत

एजेंसी | मंगाफ

कुवैत के मंगाफ शहर की 6 मंजिला इमारत में आग लगने से 49 मजदूरों की मौत हो गई। 50 से ज्यादा लोग घायल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मरने वालों में 40 भारतीय हैं। हालांकि, अब तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। कुवैत के समयानुसार ये हादसा बुधवार सुबह करीब 6 बजे हुआ। विदेश मंत्रालय ने बस 30 लोगों के घायल होने की जानकारी दी है। मरने वालों में कितने भारतीय हैं, इसे लेकर कुछ नहीं कहा है। हालांकि, केरल और तमिलनाडु के लोग होने की आशंका जताई जा रही है। उधर, पीएम मोदी ने दिल्ली में रिव्यू मीटिंग बुलाई। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि वे जल्द कुवैत जा सकते हैं।

मरने वालों की उम्र 20 से 50 साल के बीच : अरब टाइम्स के मुताबिक, मरने वालों की उम्र 20 से 50 साल के बीच है। इनमें ज्यादातर केरल, तमिलनाडु और नॉर्थ इंडियन हैं। सभी NBTC कंपनी में काम करते थे। कुवैत की कुल आबादी में 21%(10 लाख) भारतीय हैं। कुवैत के कुल वर्कफोर्स में भारतीयों की हिस्सेदारी 30% यानी 9 लाख है। पीएम मोदी से लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी, ममता बनर्जी ने इस घटना पर दुख जताया। उधर, कुवैत के गृह मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ ने कहा कि इमारत में कई देशों के लोग अवैध रूप से रह रहे थे। इसलिए अभी मरने वालों के बारे में पुख्ता जानकारी नहीं है।

आग लगने की वजह से साफ नहीं, लेकिन किचन से शुरू हुई

सुबह ग्राउंड फ्लोर के किचन में लगी आग तेजी से पूरी इमारत में फैल गई। कई लोग इमारत के अंदर ही फंसे रह गए। आग लगने की वजह का अब तक पता नहीं चला है। कुवैत टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक बिल्डिंग में 200 से ज्यादा मजदूर रह रहे थे।

भारतीय राजदूत ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों से मुलाकात की

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपनी पोस्ट में कहा, रकुवैत में हुए हादसे से स्तब्ध हूं। वहां करीब 40 लोगों की मौत हुई है। हम डीटेल्स सामने आने का इंतजार कर रहे हैं। जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं।र भारतीय राजदूत आदर्श स्वाइका ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों से मुलाकात की है।

कुवैत सरकार ने बिल्डिंग के मालिक की गिरफ्तारी का आदेश दिया

कुवैत के गृह मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबह ने बिल्डिंग के मालिक को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से रियल एस्टेट मालिक के लालच की वजह से ऐसी घटनाएं होती हैं। ज्यादा किराए के लालच में बिल्डिंग ओनर्स एक ही कमरे में कई लोगों को ठहराते हैं और इमारत की सुरक्षा व्यवस्था नजरअंदाज कर देते हैं।

बिल्डिंग के मालिक हैं मलयाली बिजनेसमैन केजी अब्राहम

मलयाली मीडिया ऑनमनोरमा की रिपोर्ट के मुताबिक, बिल्डिंग में रहने वाले भारतीय केरल और तमिलनाडु के थे। यह बिल्डिंग NBTC ग्रुप ने किराए पर ली थी, जो कंस्ट्रक्शन सेक्टर की कंपनी है। NBTC ग्रुप के मलयाली व्यापारी केजी अब्राहम हैं।

डोंबिवली MIDC में फिर आग का तांडव

दोपहर संवाददाता । ठाणे

ठाणे जिले के डोंबिवली एमआईडीसी में बुधवार को भीषण आग लग गई। डोंबिवली MIDC फेज दो क्षेत्र में स्थित एक केमिकल कंपनी में सुबह साढ़े दस के करीब आग लगी। फायर ब्रिगेड की एक दर्जन से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। चीफ फायर ऑफिसर नामदेव चौधरी के मुताबिक, सुबह 10:30 बजे के आसपास आग लगने की सूचना मिली। आग बुझाने के लिए लगभग 13-14 फायर टेंडर मौके पर मौजूद हैं। स्थिति नियंत्रण में है। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यहां दो केमिकल कंपनियां हैं जो आग की चपेट में आई है।

केमिकल कंपनी में धड़ाधड़ हुए धमाके

दर्जनों केमिकल कंपनियां हैं डोंबिवली एमआईडी में

बता दें कि डोंबिवली एमआईडी में दर्जनों केमिकल कंपनियां हैं। करीब 15 दिन पहले इसी एमआईडीसी परिसर में स्थित अभिनव कंपनी में बड़ा विस्फोट हुआ था। इसमें 17 लोगों की मौत हो गई। ऐसे में दोबारा आग लगने की घटना से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है।

इंडो अमाइंस केमिकल कंपनी में लगी आग

बताया जा रहा है कि आग इंडो अमाइंस केमिकल कंपनी में लगी और फिर बगल की केमिकल कंपनी में भी फैल गई। आग लगने के बाद करीब एक घंटे तक यहां धमाका हुआ। एहतियात के तौर पर पूरा इलाका खाली कराया गया है। एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई है। जब आग लगी तो कंपनी में अधिक कर्मचारी नहीं थे, जो थे उन्हें तत्काल बाहर निकाल लिया गया और कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन धमाकों की आवाज से इलाके में दहशत फ़ैल गई।

आग लगने का सही कारण अभी तक सामने नहीं आया है। लेकिन आशंका जताई जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल कंपनी के अंदर कोई नहीं फंसा है। घटना के बाद इलाके में बिजली आपूर्ति बंद कर दी गयी।

कोर्ट ने आव्हाड के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने से किया इनकार

एजेंसी । मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के शरद पवार गुट के नेता जितेंद्र आव्हाड को बॉम्बे हाईकोर्ट से झटका लगा है। अदालत ने उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने में इनकार कर दिया है। आव्हाड ने अपनी याचिका में शिकायतकर्ता ठाणे महानगरपालिका (टीएमसी) के सहायक आयुक्त महेश आहेर की सहमति का हवाला दिया था।

जितेंद्र आव्हाड की याचिका पर सुनवाई

न्यायमूर्ति अजय गडकरी और न्यायमूर्ति श्याम सी .चांडक की पीठ के समक्ष जितेंद्र आव्हाड की याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान पीठ ने कहा कि कोई सरकारी कर्मचारी एफआईआर को रद्द करने की सहमति कैसे दे सकता है? हम इसकी अनुमति नहीं दे सकते है। अदालत ने आव्हाड के वकील की उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द की दलील को अस्वीकार कर दिया। टीएमसी के अतिक्रमण और बेदखली विभाग में सहायक आयुक्त महेश आहेर ने पिछले साल 15 फरवरी आव्हाड के खिलाफ आपराधिक साजिश रचने, हमला और हत्या के प्रयास की शिकायत की थी।

क्या है मामला ?

इस मामले में आव्हाड की आहेर को धमकी और हमले का ऑडियो क्लिप वायरल होने के बाद एफआईआर दर्ज की गयी थी। एक ऑडियो क्लिप वायरल हुई थी, जिसमें कथित तौर पर आहेर द्वारा आव्हाड की बेटी और दामाद को जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। इसके जवाब में आव्हाड और उनके समर्थकों ने कथित तौर पर आहेर पर हमला किया था। इस मामले में आव्हाड को गिरफ्तार किया गया था और उन्हें जमानत दे दी गई थी।

पुणे पोर्श एक्सीडेंट केस

नाबालिग को नहीं मिली राहत

25 जून तक बढ़ी रिमांड

दोपहर संवाददाता । पुणे

पुणे कार दुर्घटना मामले में आरोपी नाबालिग की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजेबी) ने बुधवार को नाबालिग की निगरानी गृह रिमांड 25 जून तक के लिए बढ़ा दी है। पिछले महीने पुणे में कार दुर्घटना में दो आईटी इंजीनियरों की मौत हो गई थी। पुणे पुलिस ने नाबालिग की सुरक्षा का हवाला देते हुए उसे और 14 दिन के लिए निगरानी गृह में रखने का अनुरोध किया। वह 12 जून तक निगरानी गृह में था। उन्होंने बोर्ड को यह भी बताया कि फिलहाल किशोर की रिहाई से मामले की जांच तथा अन्य संबंधित मामलों में बाधा उत्पन्न हो सकती है। अन्य मामलों में 19 मई को दुर्घटना होने के बाद लिए गए उसके ब्लड सैंपल को कथित तौर पर बदले जाने का मामला भी शामिल है।

महाराष्ट्र में सूखे की मार से सूख गए मौसंबी के 11 लाख से ज्यादा पेड़

एजेंसी । मुंबई/छत्रपति संभाजीनगर

मौसंबी के उत्पादन में अग्रणी महाराष्ट्र में सूखे के कारण मौसंबी के लाखों पेड़ सूख गये हैं। सूखे की स्थिति और पानी की कमी के कारण राज्य के छत्रपति संभाजीनगर और पड़ोसी जालना जिले के बगीचों में 11 लाख से अधिक मौसंबी के पेड़ों को नुकसान हुआ है। राज्य कृषि विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि सूखे के कारण इन जिलों में 4,062 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर लगे मौसंबी के पेड़ सूख गए हैं। ज्ञात हो कि मौसंबी के उत्पादन के मामले में महाराष्ट्र देश में सबसे आगे है। राज्य में छत्रपति संभाजीनगर और जालना मौसंबी के सबसे बड़े उत्पादक जिलों में से एक हैं।

पानी की कमी से सूखे 11,25,174 मौसंबी के पेड़

राज्य कृषि विभाग के अधिकारी ने बताया कि इन दोनों जिलों में 35,850 हेक्टेयर भूमि पर मौसंबी उगाई जाती है। उन्होंने बताया कि नियमों के अनुसार एक हेक्टेयर भूमि पर मौसंबी के 277 पेड़ उगाए जाते हैं। इस हिसाब से पिछले साल कम बारिश के कारण पानी की कमी से 11,25,174 मौसंबी के पेड़ सूख गए। छत्रपति संभाजीनगर और जालना जिलों में 4,062 हेक्टेयर भूमि पर लगे मौसंबी के पेड़ सूखे से प्रभावित हुए हैं। इन दोनों जिलों में से जालना में सबसे अधिक नुकसान हुआ है, जहां 3,600 हेक्टेयर भूमि पर लगे पेड़ सूख गए हैं।

किसान काट रहे सूखे हुए पेड़

जालना कृषि विभाग के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि अब तक 3,590 मौसंबी के पेड़ सूख चुके हैं। कुछ किसानों ने पेड़ काट दिए हैं, जबकि अन्य ने अभी तक ऐसा नहीं किया है। छत्रपति संभाजीनगर में चार तहसीलों में नुकसान हुआ है। 472 हेक्टेयर भूमि पर फैले 1,30,744 पेड़ मर गए हैं और किसानों ने उन्हें काट दिया है।

साल भर पानी रहने पर अच्छी कमाई देती है मौसंबी की फसल

जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी प्रकाश देशमुख ने फसल के बारे में बताते हुये कहा कि गन्ने की तरह मौसंबी भी ऐसी फसल है, जो साल भर पानी उपलब्ध रहने पर अच्छी कमाई की गारंटी देती है। लेकिन क्षेत्र में हर पांच साल बाद इसी तरह से ये पेड़ खत्म हो जाते हैं। जब मौसंबी का पेड़ सूख जाता है, तो उसे काटना पड़ता है। सूखे पेड़ की उम्र तीन साल से लेकर 15 साल तक हो सकती है। आम तौर पर एक हेक्टेयर जमीन पर 277 मौसंबी के पौधे लगाए जाते हैं। कुछ किसान एक हेक्टेयर में 300 पेड़ लगाते हैं। (एजेंसी इनपुट के साथ)

जोरों पर बकरीद की तैयारियां

बढ़ी जानवरों के चारे की मांग

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी में बकरीद की तैयारियां इन दिनों जोरों पर है। इस लिए जानवरों की जहा खरीद o फरोख्त जोरो पर चल रही है वहीं कुर्बानी के जानवरों के चारे की डिमांड भी बढ़ गई है, जिसके मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्र के आदिवासी महिला पुरुष इन दिनों चारा विक्री के लिए मस्जिदों और जानवरों की मार्किट के सामने डेरा डाल दिए है।जिसके माध्यम से हर दिन वह बेहतर कमाई कर रहे है।जो प्रति गट्ठा 20 रुपया के भाव चारा बेच रहे है।15 दिन चलाने वाले इस व्यवसाय को लेकर आदिवासियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

17 जून से 19 जून तक मनाया जाएगा बकरीद

भिवंडी में बड़े पैमाने पर बकरीद का त्योहार मनाया जाता है। इस वर्ष यह त्योहार 17 जून से 19 जून तक मनाया जाएगा। इस दौरान यहां बड़े पैमाने पर जानवरों की बलि दी जाएगी।जानवरों का कत्ल करने हेतु दूसरे शहरों से बड़े पैमाने पर जानवरों को खरीद कर लाने का सिलसिला जोरो में शुरू है। इधर मनपा आयुक्त अजय वैद्य ने मनपाकर्मियों ब पुलिस महकमे के साथ कई दिन पहले बलि दिए जाने वाले जानवरों को ईयर टैग लगाना अनिवार्य कर दिया है।स्थानीय निवासी आसिफ अंसारी ने बताया कि बकरीद पर कत्ल के लिए लोग जानवरो को लाकर उसे पहले कई दिनों तक अपने घर पर बांधते है, जिसको कई दिन बढ़िया चारा खिलाने के साथ जानवरों की देखभाल की जाती है। इतना ही नही कत्ल के लिए लाए जाने वाले जानवरो को खिलाने के लिए इन दिनों शहर में कई मस्जिदों के सामने जानवरों का चारा बेचने का काम ग्रामीण क्षेत्र की आदिवासी व गरीब महिला पुरुषों द्वारा किया जा रहा है, जो ग्रामीण क्षेत्रों से हराभरा चारा कटकर रोजाना लाते हैं।

'खत्म हो गई मोदी की गारंटी'

शरद पवार का प्रधानमंत्री पर तंज

दोपहर संवाददाता । मुंबई/पुणे

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में 'एक व्यक्ति' के शासन के दिन लद गए और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केंद्र में दूसरे दलों की मदद से नई सरकार बनाई है। पवार ने कहा कि केंद्र में गठबंधन सरकार बनने से 'मोदी की गारंटी' अब खत्म हो चुकी है और मतदाताओं की ताकत से ही यह परिवर्तन संभव हुआ है।

दूसरों की मदद से बनी सरकार

शरद पवार बारामती लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाली पुणे की पुरंदर तहसील में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। जहां वह पानी की किल्लत से उपजे हालात की समीक्षा करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव खत्म हो गए हैं और (केंद्र में) सरकार बन गई है। पिछले 10 साल 'एक व्यक्ति' की सरकार थी, लेकिन अब वह (सरकार) उससे (उस व्यवस्था से) मुक्त हो गई है। इस बार सरकार दूसरों की मदद से बनी है।

खत्म हो गई 'मोदी की गारंटी'

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्थिति यह है कि बिहार (नीतीश कुमार) और आंध्र प्रदेश (एन. चंद्रबाबू नायडू) के मुख्यमंत्रियों की मदद के बिना सरकार नहीं बनती। उनकी मदद से सरकार बनी है, यानी 'एक व्यक्ति' के सरकार चलाने के दिन चले गए। इसका मतलब यह भी है कि 'मोदी की गारंटी', जिसके बारे में हम सुनते थे, खत्म हो गई है और इसे (इस गारंटी को) खत्म करने की ताकत आपके पास है।

एनडीए को मिली 293 सीटें

हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 240 सीट जीतीं, जो बहुमत के जादुई आंकड़े 272 से कम हैं। ऐसे में उसे सरकार बनाने के लिए पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगियों के समर्थन की आवश्यकता पड़ी। चंद्रबाबू नायडू की आंध्र प्रदेश में 16 सीट जीतने वाली तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) और बिहार में 12 सीट पर जीत हासिल करने वाली नीतीश कुमार की जद(यू) तथा अन्य गठबंधन सहयोगियों के समर्थन से राजग ने बहुमत हासिल किया है। दूसरी ओर, विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' ने 233 सीट जीतीं, जिनमें से 99 सीट कांग्रेस ने जीतीं हैं।

ट्रक का पिछला पहिया चढ़ने से एक की मौत

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी तालुका के माणकोली-अंजुरफाटा हाईवे पर नारायण ताडपत्री वाले के सामने मढवी चौक स्थित ओवरटेक करने के दौरान ट्रक की टक्कर से नीचे गिरे बाइक सवार पर ट्रक का पिछला पहिया चढ़ने जाने से इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वही मृतक का बाइक चालक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया है, जबकि घटना के बाद ही ट्रक चालक वहां से फरार हो गया।

ट्रक चालक फरार, तलाश शुरू

नारपोली पुलिस के मुताबिक भिवंडी तालुका के माणकोली-अंजुरफाटा हाईवे पर नारायण ताडपत्री वाले के सामनेम ढवी चौक के पास नायगांव के रहने वाले नौशाद वाजीदअली अंसारी 45 बाइक नंबर एमएच 04 एलसी 2894 पर सवार अपने साथी गुफरान ताजमोहम्मद अंसारी 40 के साथ जा रहे थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल के पीछे आ रहा ट्रक नंबर GJ 34 T 1289 का चालक तेज गति से लापरवाही के साथ ट्रक चलाते हुए नौशाद वाजीदअली की बाइक को ओवरटेक करते हुए टक्कर मारदी जिस से बाइक का संतुलन बिगड़ गया। इस दौरान नौशाद और गुफरान जमीन पर नीचे गिर गए जिस से ट्रक का पिछला पहिया गुफरान को कमर से कुचलता हुआ आगे निकल गया। जिस से गुफरान गंभीर रूप से घायल हो गया और इलाज के दौरान उसकी दर्दनाक मौत हो गई। जबकि इस हादसे में नौशाद वाजीदअली गंभीर रूप से घायल हो गया है, जबकि ट्रक चालक घटना के बाद से फरार हो गया। नारपोली पुलिस ने नौशाद वाजीदअली अंसारी की शिकायत पर ट्रक GJ 34 T 1289 के चालक के खिलाफ एफआईआर नंबर 1218/2024 में भा.द.वि. सहिता की कलम 304 (अ), 279,338 सहित मो.वा.का.क.184,134 (अ) (ब) के तहत मामला दर्ज कर फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है ।

मनोज जरांगे को थोडा सब्र रखना चाहिए: प्रतापराव जाधव

दोपहर संवाददाता । जालना/ मुंबई

मराठा आरक्षण के लिए मनोज जरांगे पाटिल फिर एक बार भूख हड़ताल पर बैठ गए है। आज (बुधवार) उनके हड़ताल का पांचवां दिन है। बताया जा रहा है कि महाराष्ट्र के एक मंत्री द्वारा मुद्दे को सुलझाने का आश्वासन दिए जाने के बाद जरांगे ने नसों के जरिए तरल पदार्थ लेना शुरू कर दिया है। लेकीन उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर मराठा समुदाय के लोगों को आरक्षण नहीं मिला तो वे इलाज कराना बंद कर देंगे। इस बीच केंद्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव मनोज जरांगे की भूख हड़ताल को लेकर प्रतिक्रिया दी है।

'सब्र रखे मनोज जरांगे'

उन्होंने कहा कि मनोज जरांगे को थोडा सब्र रखना चाहिए और सरकार को समय देना चाहिए। प्रतापराव जाधव ने कहा, "राज्य में फडणवीस- शिंदे- पवार सरकार ने मराठा समुदाय को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया है। यह विद्वतापूर्ण आरक्षण है जो सुप्रीम कोर्ट में भी कायम रहेगा। इसके मुताबिक 50 लाख से ज्यादा कुनबी रिकॉर्ड मिल चुके हैं और कुनबी प्रमानपत्र का वितरण शुरू हो गया है। इसलिए हम जरांगे से अनुरोध करते है कि उन्हें थोडा सब्र रखना चाहिए और सरकार को थोडा समय देना चाहिए।"

सभी समुदाय को मिले न्याय

उन्होंने आगे कहा कि हमारा रुख यह है कि आरक्षण के मुद्दे को लेकर राज्य में कोई विवाद पैदा नहीं होना चाहिए। एक समुदाय को खुश करने के लिए दूसरे समुदाय में असंतोष पैदा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी भुमिका यह है कि सभी समुदाय को न्याय मिले।

भूख हड़ताल का पांचवां दिन

आपको पता हो कि मनोज जरांगे ने जालना जिले में अपने पैतृक गांव अंतरवाली सराती में बीते शनिवार को फिर से विरोध प्रदर्शन शुरू किया था। बुधवार को उनके अनशन का पांचवां दिन है। उनकी बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए औरंगाबाद (छत्रपति संभाजीनगर) से नवनिर्वाचित शिवसेना सांसद संदीपन भूमरे ने उनसे मुलाकात की और सरकार द्वारा जल्द ही इसे सुलझाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद जरांगे ने उन्होंने सलाईन लगाई। हालांकि उन्होंने चेताया है कि अगर सरकार इस मुद्दे को तुरंत हल करने में विफल रहती है तो वह नसों के जरिए तरल पदार्थ लेना बंद कर देंगे।

मालशेज घाट में पहाड़ी की मिट्टी धंसने से 2 लोगों की मौत

दोपहर संवाददाता । ठाणे

ठाणे जिले के मालशेज घाट में भारी बारिश की वजह से पहाड़ी की मिट्टी धंसने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। तीनों घायलों का इलाज उल्हासनगर के शासकीय अस्पताल में हो रहा है।



उल्हासनगर के शासकीय अस्पताल में चल रहा घायलों का इलाज

टोकावडे पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक दिनकर चकोर ने बुधवार को बताया कि मुलुंड में रहने वाले एक परिवार के पांच सदस्य ऑटो रिक्शा से अपने मूल गांव मुंबई से अहमदनगर जिले के संगमनेर शहर की ओर जा रहे थे। मंगलवार को देर रात मालशेज घाट पर अचानक पहाड़ी का हिस्सा उनके ऑटो रिक्शा पर गिर गया। इस घटना में राहुल बबन भालेराव (30) और उनके भतीजे स्वयं सचिन भालेराव (7) की मौत हो गई। इस घटना में 55 वर्षीय महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनका इलाज उल्हासनगर के शासकीय अस्पताल में चल रहा है।

फर्जी पासपोर्ट के जरिए हंगरी जाने वाली नेपाली महिला गिरफ्तार

एजेंसी । मुंबई

मुंबई एयरपोर्ट पर नेपाल की रहने वाली 31 वर्षीय महिला को फर्जी पासपोर्ट के जरिए हंगरी जाने की कोशिश करते हुए गिरफ्तार किया गया है। सहार पुलिस स्टेशन की टीम नेपाली महिला से गहन पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार नेपाली महिला सोमवार को हंगरी जाने के लिए मुंबई एयरपोर्ट पर आई थी। महिला के पासपोर्ट पर जांच अधिकारियों को संदेह हुआ, इसलिए उसे रोककर पासपोर्ट की गहन छानबीन की गई। जांच में पता चला कि महिला ने कोलकाता से फर्जी दस्तावेज के आधार पर पासपोर्ट बनवाया था। इसके बाद सहार पुलिस स्टेशन की टीम ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस कोलकाता जाकर फर्जी पासपोर्ट बनाने वालों की भी जांच करने वाली है।

अपार्टमेंट में लगी भीषण आग

दम घुटने से एक व्यक्ति की मौत

फर्नीचर समेत कई घरेलू सामान जलकर राख

दोपहर संवाददाता । ठाणे

ठाणे शहर में बुधवार तड़के 27 मंजिला आवासीय इमारत के एक अपार्टमेंट में आग लगने से 47 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। नगर निगम के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि तुलसीधाम सोसाइटी में इमारत की चौथी मंजिल पर स्थित अपार्टमेंट में सुबह 3.11 बजे आग लग गई। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद बालकुम से दमकल कर्मी और क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ की टीम मौके पर पहुंची।

अरुण केडिया नामक व्यक्ति की मौत

बचावकर्मियों ने फ्लैट के एक कमरे में अरुण केडिया नामक व्यक्ति को बेहोशी की हालत में पड़ा पाया। अधिकारी ने बताया कि उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि दो नाबालिगों समेत घर में मौजूद चार अन्य लोग सुरक्षित बाहर निकल आए।

फर्नीचर समेत कई घरेलू सामान जलकर राख

आग ने कमरों और फर्नीचर समेत कई घरेलू सामानों को जलाकर राख कर दिया। अधिकारी ने बताया कि सुबह 4.22 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि आग लगने के तुरंत बाद इमारत में रहने वाले अन्य लोग अपने अपार्टमेंट से बाहर निकल आए। अधिकारी ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

हटेंगे सड़कों पर लगे धोखादायक होर्डिंग

होर्डिंग व जगह मालिक दोनों को भेजा गया नोटिस

दोपहर संवाददाता । ठाणे

मनपा क्षेत्र के अंतर्गत सड़कों के किनारे लगे हुए होर्डिंग जो हवा चलने पर हिल रहे हैं उनको मनपा तत्काल निकालने की तैयारी कर ली है।वहीं मनपा ने होर्डिंग व जगह मालिक दोनों को नोटिस जारी किया है।साथ ही होर्डिंग के नाम पर जमा प्रमाण पत्र व (स्टेबिलिटी रिपोर्ट)की जांच पड़ताल भी शुरू कर दिया है।सड़क के किनारे मुक्ता एडवरटाइजिंग कंपनी का लगा हुआ होर्डिंग हवा के चलने पर हिलता हुआ दिखाई देता नजर आया।जिसका शिकायत मनपा के एडवरटाइजिंग विभाग के उपायुक्त दिनेश तायड़े,उथलसर प्रभाग समिती के सहायक आयुक्त महेश आहेर को मिलने पर स्वयं जाकर देखा।इसलिए शहर में किसी दुर्घटना से पहले सजग होकर होर्डिंग निकालने का कार्य शुरु कर दिया गया है।यह जानकारी मनपा के अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोड़े दी है।

दो बजे
दोपहर
मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

अनमोल विचार पागलपन और प्रतिभा के बीच की दूरी सफलता से ही मापी जाती है : इयान लंकास्टर

न्यूज ब्रीफ

PFI सदस्यों को नहीं मिली जमानत

दोपहर संवाददाता । मुंबई

बम्बई हाई कोर्ट ने प्रतिबंधित 'पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया' (PFI) के तीन कथित सदस्यों को जमानत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि उन्होंने 'भारत को 2047 तक इस्लामिक देश में बदलने की साजिश रची थी' और आपराधिक बल का इस्तेमाल करके सरकार को आतंकित करने का प्रयास किया था। न्यायमूर्ति अजय गडकरी और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की खंडपीठ ने मंगलवार को रजी अहमद खान, उनैस उमर खैय्याम पटेल और कय्यूम अब्दुल शेख की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं और कहा कि उनके खिलाफ प्रथमदृष्टया सबूत मौजूद हैं। उन पर पीएफआई के सदस्य होने का आरोप है और वे भारत सरकार के खिलाफ साजिश रचने में संलिप्त हैं।

केंद्र ने 2022 में पीएफआई को किया था प्रतिबंधित: केंद्र ने 2022 में पीएफआई को प्रतिबंधित कर दिया था। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आरोपियों ने आपराधिक बल का इस्तेमाल करके सरकार को डराने की साजिश रची।पी ठ ने कहा कि प्रथम सूचना रिपोर्ट में यह बात स्पष्ट रूप से कही गई है कि उन्होंने 2047 तक भारत को इस्लामिक देश बनाने की साजिश रची थी। आरोपी व्यक्ति देश के खिलाफ नफरत फैलाने और विभिन्न प्रचार माध्यमों से राष्ट्र विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाने में शामिल थे।

राज ठाकरे ने बढ़ाई भाजपा की टेंशन असेंबली चुनाव में मांगी 20 सीटें

दोपहर संवाददाता । मुंबई

लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र में भाजपा की अगुवाई वाले महायुति गठबंधन को बिना शर्त समर्थन देने वाले राज ठाकरे ने अब आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अपनी लंबी-चौड़ी मांग भाजपा के सामने रख दी है। इंडिया टुडे के सूत्रों के मुताबिक राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) ने 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा के चुनावों में भाजपा से 20 सीटों की मांग की है। इतना ही नहीं राज ठाकरे ने भतीजे आदित्य ठाकरे की विधानसभा सीट भी मांगी है, ताकि वहां से MNS कैंडिडेट खड़ा किया जा सके। रिपोर्ट में कहा गया है कि MNS द्वारा जिन सीटों पर दावा किया गया है उनमें अधिकांश सीटें मुंबई और मुंबई महानगर क्षेत्र (MMR) की विधानसभा सीटें हैं। इनमें वर्ली, दादर-माहिम, सेवरी, मगाठाणे, जागेश्वरी, वर्सोवा, घाटकोपर वेस्ट, चेंबूर, ठाणे, भिवंडी रूरल, डिंडोशी, कल्याण रूरल, नासिक ईस्ट, पंढरपुर, औरंगाबाद और पुणे की एक सीट भी शामिल है। माना जा रहा है कि राज ठाकरे अपने भतीजे आदित्य ठाकरे

के खिलाफ वर्ली सीट पर संदीप देशपांडे को उतार सकते हैं। आदित्य ठाकरे ने 2019 में वर्ली सीट से चुनाव लड़कर ठाकरे परिवार का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। इससे पहले ठाकरे परिवार का कोई भी सदस्य चुनाव नहीं लड़ा था। रिपोर्ट में कहा गया है कि भाभी शालिनी ठाकरे को राज ठाकरे वर्सोवा से और नितिन सरदेसाई को दादर-माहिम से उतार सकते हैं।

2006 में शिवसेना से अलग होकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की स्थापना

बता दें कि राज ठाकरे ने साल 2006 में अविभाजित शिवसेना से अलग होकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की स्थापना की थी। भाजपा ने 400 पार का लक्ष्य साधने के लिए हालिया लोकसभा चुनावों में राज ठाकरे के साथ गठबंधन किया था लेकिन राज ठाकरे की पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली थी। महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में से भाजपा ने सिर्फ 9 सीटें जीती हैं, जबकि सहयोगी शिवसेना (शिंदे गुट) ने सात और अजित पवार की एनसीपी ने सिर्फ एक सीट पर ही जीत दर्ज की है। भाजपा की सीटें 23 से घटकर 9 हो गई हैं। उधर विपक्षी इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस ने 13, उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने 9 और शरद पवार की एनसीपी ने 8 सीटों पर जीत दर्ज की है। एक निर्दलीय ने भी जीत दर्ज की थी। एनडीए गठबंधन की सीटें कम होने पर राज्य में एनडीए के घटक दलों के लिए खतरे की घंटी बजने लगी है। इन्हीं चुनौतियों पर चर्चा के लिए भाजपा की प्रदेश इकाई ने 14 जून को मुंबई में जिला इकाई अध्यक्षों और पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है।

हनुमान चालीसा विवाद

अदालत में पेश नहीं हुईं नवनीत राणा

मामले की सुनवाई 2 जुलाई तक स्थगित

दोपहर संवाददाता । मुंबई



हनुमान चालीसा विवाद से जुड़े मामले को लेकर भाजपा नेता नवनीत राणा खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर बुधवार को यहां अदालत में पेश नहीं हुईं। हालांकि, पूर्व सांसद के पति एवं अमरावती से विधायक रवि राणा अदालत में पेश हुए। दरअसल, दंपत्ति ने बांद्रा में ठाकरे के आवास 'मातोश्री' के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने की योजना की घोषणा की थी जिसके बाद विवाद बढ़ता ही चला गया।

12 जून को पेश होने का दिया था आदेश

पिछली सुनवाई में एमपी/एमएलए मामलों के विशेष न्यायाधीश आर एन रोकाडे ने राणा दंपत्ति को 12 जून को अनिवार्य रूप से उनके समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया था। हालांकि, बुधवार को केवल रवि राणा ही अदालत में उपस्थित हुए। नवनीत राणा के वकील शब्बीर शोरा ने छूट याचिका दायर करते हुए कहा कि वह अस्वस्थ हैं और इसलिए अदालत में उपस्थित नहीं हो सकतीं।

2 जुलाई तक मामले को किया स्थगित

अदालत ने उनकी याचिका स्वीकार कर ली और रवि राणा की उपस्थिति दर्ज कराने के बाद मामले की सुनवाई 2 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी। राणा दंपति ने विशेष अदालत द्वारा उनके आरोपमुक्ति आवेदन को खारिज किए जाने के खिलाफ बंबई उच्च न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका दायर की है। बता दें कि दंपत्ति पर भारतीय दंड संहिता की धारा 353 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य निर्वहन से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल का प्रयोग) के तहत मामला दर्ज किया गया है। दंपति पर पुलिस कर्मियों का विरोध करने और उनके काम में बाधा डालने का आरोप है। पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने के लिए मुंबई के खार इलाके में उनके आवास पर पहुंची थी।

क्या था मामला ?

दिसंबर 2023 में कोर्ट ने उनकी डिस्चार्ज याचिका खारिज करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया गवाहों के बयानों के आधार पर आवेदकों के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। इस प्रकार, आईपीसी की धारा 353 के तहत अपराध बनता है।जनवरी से लेकर अब तक इस मामले में दंपति के खिलाफ आरोप तय करने के लिए कई तारीखें तय की जा चुकी हैं। हालांकि, आरोपियों के अदालत में पेश न होने के कारण कार्यवाही आगे नहीं बढ़ पाई है।

गोवंडी, मानखुर्द, चेंबूर में आज बंद रहेगी पानी की सप्लाई

दोपहर संवाददाता । मुंबई

आज पूर्व उपनगर के गोवंडी, मानखुर्द और चेंबूर के कई इलाकों में पानी आपूर्ति बंद रहेगी। इस कारण नागरिकों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ेगा। बीएमसी हाइड्रोलिक डिपार्टमेंट के अनुसार साकीनाका स्थित बी.डी. पाटील मार्ग पर वॉटर पाइप लाइन की मरम्मत का कार्य किया जाएगा। यह कार्य गुरुवार सुबह 11 बजे से शुरू होकर रात 11 बजे तक चलेगा। इस दौरान चेंबूर, गोवंडी और मानखुर्द के कई इलाकों में पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद रहेगी। बीएमसी का कहना है कि चेंबूर स्थित एचपीसीएल रिफाइनरी सहित वाशीनाका में गव्हाणपाडा आदि इलाकों में पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। इसीलिए प्रशासन ने यहां सुचारू रूप से पानी की आपूर्ति करने के लिए 750 मिमी व्यास की वॉटर पाइप लाइन बिछाने का निर्णय लिया है। पाइप लाइन बिछाने और उन्हें जोड़ने के कार्य में लगभग 12 घंटे का समय लगेगा। इसी के चलते एम ईस्ट और एम वेस्ट वॉर्ड के कई इलाकों में पानी की आपूर्ति बंद रहेगी।

सोनावणे ने अजित पवार से संपर्क करने के दावे को किया खारिज

दोपहर संवाददाता । मुंबई

लोकसभा चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद महाराष्ट्र में सियासी भूचाल देखने को मिल रहा है। राज्य में सत्तापक्ष और विपक्ष के नेता एक दूसरे पर हमलावर है। राष्ट्रवादी कांग्रेस के दोनों गुटों की और से कई विधायकों और सांसदों को लेकर कई तरह के दावे किए जा रहे है। इस बीच, अमोल मिटकरी की पोस्ट ने राज्य की राजनीति को गरमा दिया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि बजरंग सोनावणे ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार को फोन किया था। हालांकि, बीड से लोकसभा चुनाव जीतने वाले एनसीपी (शरदचंद्र पवार) नेता बजरंग सोनावणे ने बुधवार को मिटकरी के दावे का खंडन किया है।

सोनावणे ने मिटकरी पर किया पलटवार

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधान पार्षद अमोल मिटकरी की पोस्ट पर पलटवार करते हुए सोनावणे ने कहा कि वह शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के चुनाव जीतने वाले आठ सांसदों में से एक हैं और अगर वह किसी के संपर्क में रहे तो लोग उन्हें पीटेंगे। उन्होंने हैरत जताते हुए कहा कि क्या मिटकरी (अजित) पवार के बंगले पर टेलीफोन ऑपरेटर थे। मिटकरी ने मंगलवार को ट्वीट किया, "बीड के बप्पा ने दादा को फोन किया।" सोनावणे को उनके समर्थक प्यार से बजरंग बप्पा कहते हैं। सोनावणे ने कहा कि वह अपनी अंतिम सांस तक शरद पवार के साथ रहेंगे।

सोनावणे ने बीड में संवाददाताओं से कहा, "अमोल मिटकरी कौन है? क्या वह दादा (अजित पवार) के बंगले पर ऑपरेटर है? मुझे नहीं पता, हमें उनसे पूछना चाहिए। अजित पवार को किसने कॉल किया, इसका (कॉल) रिकॉर्ड ऑपरेटर के पास होगा। महाराष्ट्र से लोकसभा चुनाव में शरद पवार के आठ सांसद चुने गए। अगर मेरे जैसा सांसद किसी के संपर्क में रहेगा तो लोग उसे पीटेंगे। यहां तक कि मेरी पत्नी और पिता भी मुझे पीटेंगे।

लोकसभा चुनाव में एनडीए को 17 सीटें

उल्लेखनीय है कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में एनडीए को महाराष्ट्र में भारी नुकसान हुआ है। महाराष्ट्र में महायुति की तुलना में महाविकास अघाड़ी को ज्यादा सीटें मिली। राज्य में एनडीए को 17 और इंडिया गठबंधन को 31 सीटें मिली। एनडीए की सहयोगी अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने सिर्फ एक लोकसभा क्षेत्र में जीत हासिल की है।

उद्धव ठाकरे की चुनावी रणनीति तैयार

दोपहर संवाददाता । मुंबई

लोकसभा चुनाव में राज्य की राजनीतिक कुछ हद का साफ हो गई है। सत्ताधारी महायुति पर विपक्षी गठबंधन महा आघाडी भारी पड़ी है। ऐसे में अब विधानसभा चुनाव के लिए होने वाले सीट बंटवारे में ज्यादा से ज्यादा हिस्सेदारी के लिए महाआघाड़ी में अभी से दबाव बनाने की रणनीति शुरु हो गई। महा आघाडी के दोनों प्रमुख दलों शिवसेना (उद्धव) व कांग्रेस ने फिलहाल सभी 288 सीटों के लिए तैयारी शुरु की है।

उद्धव कर रहे हैं अकेले दम पर चुनाव लड़ने की तैयारी!

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस राज्य में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी है। जबकि महा आघाडी में सबसे ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ कर उद्धव गुट कम सीट जीत सका है। महा आघाडी में शिवसेना (उद्धव) सबसे नुकसान में रही है। लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद राज्य में आगामी सभी चुनाव महाविकास आघाडी के दलों ने मिलकर लड़ने का निर्णय लिया है। लेकिन विधान परिषद के चुनाव में ही कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव) में समन्वय की कमी देखने को मिली। आघाडी के दलों के नेता हर रोज विधानसभा चुनाव में सीटों का अलग-अलग आंकड़ा बताकर चुनाव लड़ने के दावे कर रहे हैं। शिवसेना (उद्धव) पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार को राज्य की सभी 288 विधानसभा क्षेत्रों के संपर्क प्रमुखों को चुनाव की तैयारी में जुट जाने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या उद्धव ठाकरे अकेले दम पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं?

सभी 288 सीटों पर संपर्क प्रमुखों को चुनावी तैयारी में लगाया

सीट बंटवारे में दबाव बनाने की रणनीति

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने सबसे अधिक सीट जीती

फुटपाथ पर सो रहे व्यक्ति की बेस्ट बस की चपेट में आने से मौत

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मुंबई के माहिम इलाके में फुटपाथ पर सो रहे एक व्यक्ति की बेस्ट बस की चपेट में आने से मौत हो गई , जिसके बाद बुधवार को बस चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना मंगलवार देर रात माहिम बस टर्मिनल के पास हुई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है, क्योंकि उसका सिर बस के पहिए के नीचे आकर कुचल गया था। बस कथित तौर पर यशवंत नांगरे (56) चला रहा था। उन्होंने कहा कि घटना के बाद मौके पर एकत्र हुए कुछ लोगों ने नांगरे को पकड़ लिया और पुलिस को फोन किया। अधिकारी ने बताया, "पीड़ित को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। चूंकि पीड़ित का सिर बस के पहिये के नीचे आ गया था, इसलिए उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। उसकी उम्र 25 से 30 वर्ष के बीच लग रही है।"

चालक गिरफ्तार

नांगरे को भारतीय दंड संहिता की धारा 304-ए (लापरवाही के चलते किसी की मौत का कारण बनना), तेज गति से गाड़ी चलाना समेत विभिन्न धाराओं और मोटर वाहन अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है।

भागवत की टिप्पणी के बाद क्या प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर का दौरा करेंगे: उद्धव ठाकरे

दोपहर संवाददाता । मुंबई



शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने बुधवार को कहा कि मणिपुर की स्थिति पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत की टिप्पणी के बाद क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्वोत्तर राज्य का दौरा करेंगे। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी सवाल किया कि जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद वहां जमीनी स्तर पर क्या बदलाव आया है।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

नं. सहायक.आयुक्त/एच-ईस्ट/4089/एसडब्लूएम तारीख.11.06.2024

संक्षिप्त ई-निविदा सूचना

विभाग	सहायक आयुक्त एच/ईस्ट
महा निविदा क्र.	2024_एमसीजीएम_1040757
विषय	एच/ईस्ट वार्ड में चर्च रोड, कलिना, सांताक्रूज़ (ई) के पास, बीएमसी स्कूल के पास, बीट नंबर 90 में मलबे के परिवहन के लिए मशीनरी किराए पर लेना
निविदा- बिक्री	13/06/2024 को सुबह 09.00 बजे से 20/06/2024 को दोपहर 02.00 तक
वेबसाइट	https://mahatenders.gov.in
संबंधित व्यक्ति	एई (एसडब्लूएम) एच/ई, एसई (एसडब्लूएम) एच/ई,
नाम	श्री सचिन मुदगंटी(एई (एसडब्लूएम) एच/ई)-9869031794. श्री सुनील सावंत (एसडब्लू (एसडब्लूएम) एच/ई)-9867205682
ईमेल - आईडी	ae01heast.swm@mcgm.gov.in

हस्ता./
सहायक आयुक्त एच/ई वार्ड

पीआरओ/206/विज्ञा./2024-25

जहां-जहां पानी जमता है, वहां-वहां मच्छरों का साम्राज्य पनपता है।

रवि किशन की बेटी होने का दावा करने वाली शिनोवा को कोर्ट से नहीं मिली राहत

दोपहर संवाददाता । मुंबई

शिनोवा के आरोप के बाद रवि किशन की पत्नी प्रीति शुक्ला ने अपर्णा सोनी उर्फ अपर्णा ठाकुर, उनके पति राजेश सोनी और बेटी शिनोवा के खिलाफ FIR दर्ज कराई थी। प्रीति शुक्ला ने करीब एक महीने पहले लखनऊ के हजरतगंज थाने में FIR दर्ज कराई थी। इसमें शिनोवा और अपर्णा सोनी पर आरोप लगाया था कि ये ब्लैकमेलर हैं, शिकायतकर्ता प्रीति शुक्ला ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उनके पति को झूठे रेप केस में फंसाने की धमकी दी थी। प्रीति शुक्ला ने आरोप लगाया कि अपर्णा सोनी और अन्य लोग उनसे 20 करोड़ रुपये की उगाही करना चाहते थे, प्रीति शुक्ला ने अपर्णा सोनी पर उनके परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी देने का भी आरोप लगाया और दावा किया कि उनके और उनके साथियों के अंडरवर्ल्ड से संबंध हैं। प्रीति ने दावा किया कि अपर्णा ने उनसे 20 करोड़ रुपये की मांग की और पैसे न देने पर उनके पति की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए उन्हें झूठे रेप केस में फंसाने की धमकी दी। प्रीति ने अपर्णा और उसके साथियों से अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी। अपर्णा सोनी और उनके पति और बेटी द्वारा दायर अग्रिम ट्रांजिट जमानत याचिका जस्टिस आरएन लड्ढा की बेंच के समक्ष सुनवाई के लिए आई, तो अदालत ने कहा कि उन्हें पेश होने और अपनी बात रखने के लिए हजरतगंज पुलिस स्टेशन को नोटिस जारी करना होगा।

अंतरिम प्रोटेक्शन देने से इनकार

अपर्णा सोनी, उनके पति और शिनोवा की ओर से पेश हुए एडवोकेट पार्थ संघराजका ने कहा कि यह रट्रांजिट अग्रिम जमानत है, मनमाने ढंग से गिरफ्तारी की आशंका के चलते अंतरिम प्रोटेक्शन की राहत मांगी जा रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह एक सरासर झूठा मामला है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने शिनोवा और उसके परिवार को गिरफ्तारी की आशंका के चलते अंतरिम प्रोटेक्शन देने से इनकार कर दिया है, दरअसल, शिनोवा ने अभिनेता से सांसद बने रवि किशन पर आरोप लगाया था कि वह उनके पिता हैं। शिनोवा के आरोप के बाद रवि किशन की पत्नी प्रीति शुक्ला ने अपर्णा सोनी उर्फ अपर्णा ठाकुर, उनके पति राजेश सोनी और बेटी शिनोवा के खिलाफ FIR दर्ज कराई थी। प्रीति शुक्ला ने करीब एक महीने पहले लखनऊ के हजरतगंज थाने में FIR दर्ज कराई थी। इसमें शिनोवा और अपर्णा सोनी पर आरोप लगाया था कि ये ब्लैकमेलर हैं।

संपादकीय

सरकार से दरकार

गठबंधन धर्म की जरूरतों के मुताबिक, नरेंद्र मोदी सरकार की तीसरी पारी का जंबो मंत्रिमंडल अपरिहार्य था। जाहिरा तौर पर मंत्रिमंडल के गठन में अनुभव,युवा, जातीय समीकरण, गठबंधन के दायित्व और आगामी विधानसभा चुनाव की प्राथमिकताएं स्पष्ट नजर आती हैं। जिसके चलते तीस कैबिनेट मंत्रियों को ताजपोशी हुई है। बहत्तर सदस्यीय मंत्रिमंडल में तीस कैबिनेट मंत्रियों में बिहार को तरजीह देना स्वाभाविक ही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू गठबंधन में एक बड़ा सहयोगी घटक है। वहीं मंत्रिमंडल में बड़े घटक टीडीपी व जद (सेक्यूलर) की भी उपस्थिति है। उत्तर प्रदेश में जातीय समीकरण गड़बड़ाने के बाद चालीस से अधिक ओबीसी, एससी व अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधियों को मंत्रिमंडल में जगह मिली है। मध्यप्रदेश, हरियाणा व कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री भी मंत्रिमंडल का हिस्सा हैं। दरअसल, महाराष्ट्र, हरियाणा व झारखंड के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर भी इन राज्यों के ज्यादा मंत्रियों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। वहीं दूसरी ओर पंजाब में तेरह सीटों में एक भी प्रत्याशी के सफल न होने के बावजूद 2027 के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर नया युवा नेतृत्व तैयार करने की कवायद शुरू की गई है। पूर्व कांग्रेसी सांसद रवनीत सिंह बिट्टू को मंत्रिमंडल में शामिल करना इसी रणनीति का हिस्सा है। कह सकते हैं कि मंत्रिमंडल के गठन में संवेदनशील ढंग से रणनीति को अंजाम दिया गया। विश्वास किया जाना चाहिए कि लंबे चले चुनाव प्रचार अभियान में जो राजनीतिक व सामाजिक तौर पर कथित बांटने की कवायद वोटों के लिए की गई, उस पर अब विराम लगना ही चाहिए। आशा करें कि नई सरकार कार्यभार संभालने के बाद विकास को अपनी प्राथमिकता बनाएगी। जब हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की बात करते हैं तो पहली शर्त यही होगी कि कथित तौर पर विभाजनकारी राजनीति से परहेज करके सिर्फ और सिर्फ विकास के मुद्दे पर सरकार अपना ध्यान केंद्रित करे। आरोप-प्रत्यारोपों की राजनीति पर विराम लगाकर मिलजुलकर देश को नई दिशा देने का प्रयास होना चाहिए। बहरहाल, अब कहा जा रहा है कि आजादी के बाद यह दूसरा अवसर है जब पं. नेहरू की तरह लगातार तीसरी बार भाजपा नीत सरकार बनी है। ऐसे कहने का अर्थ है कि सरकार की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। तब तुलना यह भी की जाएगी कि किस सरकार के कार्यकाल में हकीकत के धरातल पर ज्यादा विकास हुआ। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल पर देश-दुनिया की निगाहें लगी हैं। गठबंधन सरकार को पिछली सरकारों से बेहतर प्रदर्शन करके भी दिखाना होगा। राजग सरकार को स्वीकारना होगा कि यह एक गठबंधन सरकार है। यूं तो पिछली सरकार में भी राजग गठबंधन अस्तित्व में था, लेकिन इस बार पूर्ण बहुमत न मिलने के कारण भाजपा की सहयोगी दलों पर निर्भरता बढ़ गई है। जिसके चलते मोदी सरकार के लिये पिछले कार्यकाल की तरह पार्टी के एजेंडे को लागू करने में खुला हाथ न मिलेगा। जाहिर है कि भाजपा को कई महत्वाकांक्षी मुद्दों मसलन 'एक देश, एक चुनाव' व यूनिफॉर्म सिविल कोड आदि के क्रियान्वयन को ठंडे बस्ते में डालना पड़ सकता है। गठबंधन की मजबूरी के साथ ही सरकार को अपेक्षाकृत ज्यादा मजबूत विपक्ष से सामना करना पड़ेगा। निस्संदेह, शासन-प्रशासन का नरेंद्र मोदी के पास लंबा अनुभव है, लेकिन इस बार लचीलेपन का भी सहारा लेना पड़ेगा। हालांकि, राजग में नेतृत्व तय करने व मंत्रिमंडल गठन में सहयोगी दलों का बड़ा दबाव नजर नहीं आया, लेकिन भविष्य की चुनौतियों से इनकार नहीं किया जा सकता। बहरहाल, विकास कार्यों को गति देने में सरकार को दिक्कत नहीं आनी चाहिए। वैसे भी नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू विकास के लिये प्रतिबद्ध मुख्यमंत्रियों के रूप में याद किये जाते हैं। कोशिश हो कि राजनीतिक विरोधियों को भी साथ लेकर चला जाए ताकि संसद के पिछले कार्यकाल में पैदा हुआ गतिरोध फिर से न दोहराया जाए। बहरहाल, अब चाहे देश को विकसित राष्ट्र बनाने की बात हो या फिर तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की बात, यह काम गठबंधन के सहयोगी दलों व व विपक्ष के साथ बेहतर सामंजस्य के साथ ही संभव हो सकता है। विकास के बड़े लक्ष्यों को हासिल करने से पहले देश में बेरोजगारी कम करने व समतामूलक विकास की स्थापना मोदी सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।

आइए, 2047 तक भारत को ज्ञान का शक्ति केंद्र बनाएं

आत्मनिर्भरता के लिए शंखनाद से अभिप्राय है भारत को ज्ञान की धुरी बनाना, औपनिवेशिक मानसिकता से छुटकारा और 'सस्ते श्रमिकों वाली' अर्थव्यवस्था से 'ज्ञान की कमाई वाली' आर्थिकी में तबदील करना। हमारी मंजिल 'ज्ञान का शक्ति केंद्र' बनना है। इसके लिए, हमारे पास सामर्थ्य है, आकार है और जनांकिकीय लाभांश है और अब वृद्धिमान आर्थिक कूवत भी है। सकल घरेलू उत्पाद में 8 प्रतिशत सतत वृद्धि बने रहने की आस और 6-जी के लिए नव-लहर प्रोत्साहन, चिप डिज़ाइन और चिप उत्पादन, नव-ईंधन (हाइड्रोजन एवं बायोफ्यूल), पवन एवं सौर ऊर्जा, अनेकानेक यूनिकॉर्न कंपनियां और स्टार्टअप्स का माहौल– ये सब, पर्यावरण मित्र और घरेलू उत्पादों की लहर बनाने की संभावना रखते हैं। 6-जी और चिप उत्पादन रणनीतिक महत्व रखते हैं जिससे डिजिटल क्रांति का मार्ग प्रशस्त होगा। यह वक्त दूसरों की तकनीक का अनुसरण करते रहने से परे हटने का भी है। वक्त आ गया है कि हम अपनी क्षमताएं बढ़ाएं और नेतृत्व करें। हमें तकनीकी प्रदाता बनना ही होगा। पॉरेट्स, सार्वजनिक एवं निजी, दोनों को 'मिशन-मॉड' मानसिकता रखकर निवेश करने की जरूरत है। इससे सबसे अधिक फायदा होगा सुरक्षा का, चाहे राष्ट्रीय हो या नागरिक, और यह दोनों मिलकर बृहद राष्ट्रीय शक्ति में इजाफा करते हैं। किंतु पहले, जमीनी हकीकत की जांच करनी होगी। हमारी रूपांतरण यात्रा में कुछ क्षेत्र नाजुक दशा में

हैं। यूएनडीपी की वैश्विक ज्ञान सूचकांक रिपोर्ट (2023) के अनुसार, 133 देशों की सूची में कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों में, हमारा स्थान यूनिवर्सिटी-पूर्व शिक्षा में 96वां (अमेरिका का नौवां), तकनीकी-व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण में 119वां (अमेरिका दूसरे स्थान पर), उच्च शिक्षा में 106वां (अमेरिका चौथे नंबर पर), अनुसंधान एवं विकास और इनोवेशन में 54वां (अमेरिका पांचवें पायदान पर), आईसीटी यानी सूचना एवं संचार तकनीक में 83वां (अमेरिका दूसरे स्थान पर) है। दरअसल, समाधान हैं इनोवेशन और विकास। नवोन्मेष एक विचार को दूसरे पर रखकर विकसित करते जाने की प्रक्रिया है जिसका परिणाम है नूतन उत्पाद, प्रसंस्करण या सेवा, जिसका आगे व्यापारीकरण होने के बाद यह व्यावहारिक उपयोग में आती है।

ले. जन. एसएस मेहता (अ.प्रा.)

विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में विकास 'एक समय में एक कदम' के हिसाब से आगे बढ़ता है, और भावी पीढ़ियों में नवाचार करने की भावना भरने की हसरत रखता है। इसके लिए रट्टा आधारित शिक्षा तजकर 'जिज्ञासा एवं नवाचार' वाला मॉडल अपनाने की जरूरत है, जो रट्टा लगाकर उत्तर देने वाली प्रचलित प्रणाली को चुनौती देती है। हां, यह सही है कि 50 जमा 40 नब्बे होते हैं, लेकिन यदि कोई बच्चा कहे कि योग सौ से नीचे है तो उसने आपको एक स्वीकार्य उत्तर दे डाला है। रट्टा पद्धति से शिक्षा नवाचार की विरोधी है। बगीचों के शहर नाम से प्रसिद्ध बेंगलुरू हमारे देश की सिलिकॉन वैली है, बल्कि सिलिकॉन कालोनी कहना ज्यादा उचित होगा। यहां के आईटी उद्योग में, हम दूसरों के लिए बतौर श्रमिक काम कर रहे हैं , दूसरे तैयार माल पर ठप्पा लगाकर लाभ कमाते हैं और हम ऐसे तैयार उत्पाद के लिए दाम चुकाने वाले खरीदार हैं। शुरुआत करने के लिए यह ठीक था, यह दुनिया को हमारे कौशल का प्रदर्शन के लिए भी सही था। वर्ष 2000 आते-आते इसने तेजी पकड़ी लेकिन अब उस युग का फायदा कब का पुराना पड़ चुका। बेंगलुरू बदल तो रहा है किंतु रफ्तार हमेशा की भांति धीमी है। 2047 की राह में बेंगलुरू को अन्य दर्जनभर ज्ञान-केंद्रों (हैदराबाद, चेन्नई, पुणे और कई अन्य शहर) में एक बने रहने के लिए अपनी चाल में तेजी लानी होगी। बेंगलुरू को अपना स्तर उच्चतर करने के लिए 'चिप नेट इंटिग्रेशन कैपिटल' में तबदील होने की जरूरत है जिससे कि आगामी लहर के सिलिकॉन हब के तौर पर मार्ग प्रशस्त कर सके। कमियों के बावजूद हमें अगली पीढ़ी की प्रतिभा को भुनाने के लिए एक बृहद एवं पुरस्कृत करने वाली नवोन्मेष व्यवस्था का निर्माण करने की आवश्यकता है। हमारे पास प्रत्येक स्तर पर प्रतिभा बहुतायत में है, हमें बस इसका उपयोग करने की राह ढूंढ़ने की जरूरत है। अगली पीढ़ी (जेन-नेक्सट) भी अपनी उपयोगिता सिद्ध करवाने के लिए अवसरों का इंतजार कर रही है। जैसे ही उन्हें यह हासिल होंगे तो न केवल भारत बल्कि समूची मानवता का भला हो जाएगा। जेन-नेक्सट, यह चाहे जहां हो, इसने भारत के बाहर या बहुराष्ट्रीय कंपनियों में काम करते हुए, अथक रूप से एवं बारम्बार सिद्ध कर दिखाया है कि इसका योगदान विश्वस्तरीय है। इस पर लगाम कसने की बजाय खुली छोड़ दें और इन्हें सशक्त बनाएं। रट्टे वाली पढ़ाई से छुटकारा पाएं। यह सिखाना कि विचार क्या होने चाहिए से अधिक महत्वपूर्ण है विचार कैसे पैदा किए जाएं। भारत को ज्ञान का शक्ति-केंद्र बनाने के मिशन में पांच पहलकदमियां आवश्यक हैं। प्रथम, शिक्षा की गुणवत्ता ऊंची उठाना। राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक शुरुआत है किंतु इसका क्रियान्वयन धीमा है और इसमें सीखने और तालमेल बिठाने वाला तंत्र नदारद है। 'एक साइज सबके लिए वाली' नीति काम नहीं आने वाली। राष्ट्रीय शिक्षा नीति बतौर एक सहायक ढांचे तक ही ठीक है। इससे छात्र और श्रमिकों को पूरे भारत में कहीं भी जाकर क्रमशः पढ़ने या काम करने में सहायता मिलेगी। इससे आगे, राज्य सरकारों को उनकी जरूरतों के माफिक बैठती नई योजना बनाने और अमल में लाने की जरूरत है। द्वितीय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर नौकरशाही का नियंत्रण ढीला करना जरूरी है ताकि मौजूदा यथास्थिति में बदलाव लाकर नई खोजों के लिए माहौल बनाने हेतु फंड आसानी से मिल पाए, वह जो रचनात्मकता प्रोत्साहित करता हो और नवाचार को पुरस्कृत। तृतीय, बौद्धिक सम्पदा अधिकार में सेंध लगाने या चोरी पर लगाम लगाने के लिए कानून प्रवर्तन में सुधार लाया जाए। चतुर्थ, ग्रांट प्राप्तकर्ता की जवाबदेही तय करने वाली धारा जोड़ी जाए, ग्रांट-सब्सिडी पाने का आवेदन करते वक्त, इससे रोजगार अवसरों में बढ़ोतरी एवं नागरिक

सहज योग

शक्ति की पहचान

कभी कभी तो ये पूरे सारे सिर पर ही छा जाते हैं। कभी तो प्रतिअहंकार जबरदस्त होता है और कभी अहंकार जो भी ज्यादा जबरदस्त होता है वो हमारे दिमाग पर छाया हुआ है और आकर के वो हमारे इस मार्ग को रोक देते हैं, बंद कर देते हैं।

उसकी एक पहचान है, आप में से गर कोई Doctor होगा, तो समझ लेगा इस बात को ज नहीं उठ सकती है। जब तक वो असीम प्रेम सुषुम्ना के अंदर जगह बनी हुई है, खास इसकी जगह बनी हुई है, हमारे नाभि चक्र और अनहद चक्र के बीच में एक बड़ी सी जगह बनी है। जब तक उसके अन्दर ये प्रेम उतरेगा नहीं, तब तक सुषुम्ना से यह प्रवाह उठने वाला नहीं। जैसे समझ लीजिए कि दो सीढ़ियां हैं और बीच में एक सीढ़ी है, उस सीढ़ी में और हममें कुछ अंतर है। क्या ? इस अंतर को आप किसी भी तरह से लांघ नहीं पा रहे हैं, उसमें कोई पुल नहीं है, जिसको आप लांघकर जाए। और ये दो सीढ़ियां बराबर ईडा और पिंगला नीचे जमीन पर लगी हुई हैं। Sympathetic Nervous System की Left और Right ये दोनों ही जमीन पर लगी हुई है और बीच वाली अधान्तरी लटकी हुई है जो परम में पहुंचाती है। अब Sympathetic Nervous System की जो दोनों सीढ़ियां है, अब अगर कोई Psychologist हो तो मेरी बात समझ सकता है, वो एक जो Left Hand की तरफ से है, ओर है वो आपको पहुंचा देती है, Ego में अपने अहंकार में, और जो Right Hand Side में है वो आपको पहुंचा देती है आपके Super ego में प्रतिअहंकार में ये दोनों मिलकर के हमारे माथे पर छा जाते हैं, जैसे कि कोई Balloon न हो! इस तरह से ऊपर आ जाते हैं और आकर के इस जगह जहां हमारा तालू होता है, उस पर आकर के दोनों मिल जाती हैं। कभी कभी तो ये पूरे सारे सिर पर ही छा जाते हैं। कभी तो प्रतिअहंकार जबरदस्त होता है और कभी अहंकार जो भी ज्यादा जबरदस्त होता है वो हमारे दिमाग पर छाया हुआ है और आकर के वो हमारे इस मार्ग को रोक देते हैं, बंद कर देते हैं। अब जो Petrol हमारे अन्दर Para Sympathetic Nervous System से भरा गया था, जो कुण्डलिनी से भरा गया था, उसका गेट बन्द हो गया। अब हम अलग हो गए, अब हमें लगा कि भई हम कोई है! अब अहंकार शुरु हुआ, हमें लगा कि हम हैं। अब यही है अपने से भागने का कारण है, क्योंकि हम जो हैं, हमको हम जानते ही नहीं कि हम क्या हैं। आप मेरी ओर इतना चित्त लगाकर के जो सुन रहे है मैं आपकी ओर अपना चित्त नहीं लगा सकती। मैं कहूं आप अपनी ओर चित्त लगाए तो आप लगा ही नहीं सकते हैं क्योंकि आप बह गए हैं उस प्रेम में जो आप है। एक जो प्रतिहकार है।

शख्सियत | दीपिका कुमारी

सर्वश्रेष्ठ महिला तीरंदाज जिसने किया भारत का नाम रोशन

दीपिका कुमारी महतो, ने तीरंदाजी में ने केवल अपना नाम कमाया बल्कि भारत का भी नाम रोशन किया है। एक सामान्य परिवार में जन्मी दीपिका दुनिया की सर्वश्रेष्ठ महिला तीरंदाजों में से एक हैं। उन्होंने कई अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व किया और कई अंतर्राष्ट्रीय मेडल हासिल किए। 2016 में राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने दीपिका कुमारी को पद्मश्री अवॉर्ड से नवाजा था।

झारखण्ड की राजधानी रांची में 13 जून 1994 को दीपिका कुमारी का जन्म हुआ था। उनके पिता शिवनारायण महतो एक ऑटोचालक और मां गीता महतो मेडिकल कॉलेज में एक नर्स हैं। दीपिका को बचपन से निशाना लगाना पसंद था।

बताया जाता है कि जब वह छोटी थीं, तब पेड़ पर निशाना लगाकर आम तोड़ती थी। पैसे की कमी होने के कारण वह शुरुआत में बांस के डंडो से धनुष और तीर बनाकर निशाना लगाती थी। बाद में टाटा तीरंदाज़ी अकादमी में ट्रेनिंग ले रही उनकी बहन विद्या ने दीपिका की सही मुकाम तक पहुंचने में मदद की।

साल 2005 में दीपिका कुमारी ने तीरंदाजी की शुरूआत की। वो पहली बार अर्जुन आर्चरी अकादमी की हिस्सा बनी। 2006 में वह टाटा तीरंदाजी अकादमी का हिस्सा बनी। यहां पर उन्होंने तीरंदाजी के गुर सीखे। 2006 में मैरीदा मेक्सिकों में उन्होंने स्वर्ण पदक हासिल किया। दीपिका को अर्जुन पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है। अकैडमी में ट्रेनिंग लेने के बाद उन्होंने 2009 में कैडेट विश्व चैंपियनशिप जीती। इसके बाद उन्होंने अमेरिका के ओग्डेन में 11वीं युवा विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप भी अपने नाम कर लिया। पेरिस के आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज 3 टूर्नामेंट में दीपिका ने 3 गोल्ड मेडल जीते।

30 जून साल 2020 में दीपिका ने अपने साथी भारतीय तीरंदाज अतनु दास से शादी की। कपल ने पहली बार पति - पत्नी के रूप में गोल्ड मेडल जीता।

जीवन ऊर्जा

बान की मून : जन्म- 13 जून 1944

जन्म

बान की मून का जन्म 13 जून सन 1944 को ईउम्सग काउंटी नामक छोटे से गांव में हुआ था। वे संयुक्त राष्ट्र संघ के आठवें महासचिव थे। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा उन्हें 13 अक्टूबर 2006 को महासचिव चुना गया था। महासचिव बनने से पहले वे दक्षिण कोरिया के विदेश मामलों के मंत्रालय में एक कैरियर राजनयिक थे।

हर साक्षर महिला गरीबी पर विजय पाती है

हमारे ग्रह को बचाना लोगों को गरीबी से बाहर निकालना, आर्थिक विकास को गति देना यह एक लड़ाई है। हम जितनी देर करेंगे उतना ही अधिक भुगतान करेंगे। हमें जलवायु परिवर्तन, पानी की कमी, ऊर्जा की कमी, वैश्विक स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण के बीच बिंदुओं को जोड़ना होगा। समस्या का समाधान सबके लिए समाधान होना चाहिए। कल के युवा नेताओं के रूप में हमारे पास बदलाव लाने का जुनून, ऊर्जा और प्रतिबद्धता है। मैं वास्तव में आपसे सार्वभौमिक दृष्टि रखने का अनुरोध करना चाहता हूं।

अपने देश से बाहर जाओ। अपनी राष्ट्रीय सीमाओं से परे जाओ। जैसा कि हम अपने भविष्य को अपने हाथों में रखते हैं। हमें सामूहिक रूप से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे पोते-पोतियों को यह पूछने की जरूरत नहीं है कि हम सही काम करने में विफल क्यों रहे और परिणाम भुगतने पड़े।

सतत प्रयास भविष्य का रास्ता है। यह आर्थिक विकास सृजित करने सामाजिक न्याय प्राप्त करने पर्यावरणीय नेतृत्व का प्रयोग करने और शासन को मजबूत करने के लिए एक फ्रेमवर्क प्रदान करता है। आपको प्रवृत्ति का स्वामित्व और नेतृत्व करना होगा। इसे संभव बनाने के लिए आपको अपनी क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक नागरिक के रूप में अपनी दृष्टि को व्यापक बनाने की आवश्यकता है। मैं सभी के लिए न्याय और मानवाधिकारों की दुनिया में विश्वास करता हूं। एक ऐसी दुनिया जहां लड़कियों को शोषण के डर से मुक्त किया जा सके। एक ऐसी दुनिया जहां महिलाओं के साथ सम्मान और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाता है। एक ऐसी दुनिया जहां गरीबी स्वीकार्य नहीं है। मेरे प्यारे युवा मित्रों आप इस दुनिया को बना सकते हैं। यात्रा सम्मान, सुरक्षा और बेहतर भविष्य के लिए मानवीय आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति है। यह सामाजिक ताने बाने का हिस्सा है। मानव परिवार के रूप में हमारी रचना का हिस्सा है। हमारे प्लानेट को बचाना लोगों को गरीबी से बाहर निकालना आर्थिक विकास को आगे बढ़ाना ये युद्ध हैं। जलवायु परिवर्तन सीमाओं का सम्मान नहीं करता। यह सम्मान नहीं करता कि आप कौन हैं? अमीर और गरीब, छोटे और बड़े। इसलिए इसे ही हम वैश्विक चुनौतियां कहते हैं। जिसके लिए वैश्विक एकजुटता की आवश्यकता होती है।

प्रेरक प्रसंग

'जो होता है अच्छे के लिए होता है'

एक राजा अपने मंत्री के साथ आखेट पर निकले। वन में हिरन को देख राजा ने तीर प्रत्यंचा पर चढ़ाया ही था कि जंगल में से एक सूअर निकला और राजा को धक्का देकर भागा। इस अप्रत्याशित आघात के कारण तीर की नोक से उनकी उंगली कट गई। रक्त बहने लगा और राजा व्याकुल हो उठे। राजा की उंगली से खून बहता देखकर मंत्री बोले- 'राजन्! भगवान जो करता है, अच्छे के लिए करता है।ह्न राजा काफी पीड़ा में थे। मंत्री की बात सुनकर क्रोध से भर उठे। उन्होंने मंत्री को आज्ञा दी कि वो उसी समय उनका साथ छोड़ अन्य राह पकड़ लें। मंत्री ने आदेश को सहर्ष स्वीकार किया और भिन्न दिशा में निकल पड़े। इधर राजा थोड़ा आगे बढ़े ही थे कि उन्हें जंगल में नरभक्षी कबीले के लोगों ने घेर लिया। वे उन्हें पकड़कर अपने सरदार के पास ले चले। राजा को बलि देने की तैयारी हो ही रही थी कि कबीले के पुजारी ने राजा की कटी उंगली देखकर कहा कि ह्इसका तो अंग भंग है, इसकी बलि स्वीकार नहीं हो सकती। राजा को जीवनदान मिला तो उन्हें तुरंत मंत्री की याद आई। सोचने लगे कि मंत्री ठीक कहते थे - भगवान जो करता है, अच्छे के लिए ही करता है। मुझे उनका साथ नहीं छोड़ना चाहिए था । ऐसा सोचते वे आगे बढ़ रहे थे कि उन्हें मंत्री नदी किनारे भजन करते दिखाई पड़े। राजा ने प्रेमपूर्वक मंत्री को गले लगाया और उन्हें सारा घटनाक्रम कह सुनाया। इसके बाद राजा ने उनसे प्रश्न किया- ह्मेरी उंगली कटी, इसमें भगवान ने मेरा भला किया, पर तुम्हें मैंने अपमानित करके भगाया, इससे भला तुम्हारा क्या भला हुआ ?

मंत्री मुस्कराए और बोले - राजन् ! यदि आपने मुझे भिन्न राह पर न भेजा होता और मैं आपके साथ होता तो अंग भंग के कारण नरभक्षी आपकी बलि न देते, पर मेरी बलि चढ़नी सुनिश्चित थी। इसलिए भगवान जो करते हैं, अच्छा ही करते हैं।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश

भव को आप कर्म समझें

मरण का कारण जन्म है और जन्म का कारण भव है। भव को आप कर्म समझें। भव एक तरह का पूर्व ज्ञान है जिसने जन्म दिया है। भव का कारण उपादान है। यह कार्य में लगाता है या कार्य को कारण बनाता है। उपादान का कारण तृष्णा है। तृष्णा यानी इच्छा। किसी इच्छा से ही कोई कार्य होता है। इच्छा का

कारण वेदना है और वेदना का कारण इंद्रियां हैं। इंद्रियों का कारण इंद्रिय विषय है यानी जो देखा, सुना और महसूस किया जा रहा है। इसे षडायतन या षड विषय कहते हैं। इसका कारण है- नामरूप यानी माइंड और बॉडी। इसका कारण है सचेतन। सचेतन को हटा दें तो पिछले सभी हट जाएंगे। सचेतन का कारण संस्कार हैं। यह पिछले अनुभवों का संग्रह है जो अभ्यास से जन्मा है। ये पूर्वाभ्यास या जो संस्कार है वह किसी अविद्या से जन्म ले रहे हैं जिससे मृत्यु तक का सफर चलता है। इस अविद्या को ही जान लेने से सब कुछ जाना हुआ हो जाता है।

पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : **indiagroundreport@gmail.com** **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

बिजनेस-टू-बिजनेस की विशेषताएं

'बिजनेस-टू-बिजनेस', जिसे अक्सर 'B2B' के रूप में संक्षिप्त किया जाता है, वह वाणिज्यिक लेनदेन है जो किसी व्यवसाय और उपभोक्ता के बीच नहीं बल्कि दो व्यवसायों के बीच होता है। सरल शब्दों में, इसमें कंपनियाँ अन्य कंपनियों को उत्पाद या सेवाएँ बेचती हैं। आइए भारतीय संदर्भ में B2B का क्या अर्थ है, इस पर गहराई से विचार करें और इसे बहुत ही सरल अंग्रेजी में समझाएँ।

भारत में बिजनेस-टू-बिजनेस (B2B) क्या है?

भारत में, दुनिया के अन्य हिस्सों की तरह, B2B का अर्थ दो व्यवसायों के बीच वस्तुओं या सेवाओं की खरीद और बिक्री है। ये व्यवसाय किसी भी आकार के हो सकते हैं, छोटे स्टार्टअप से लेकर बड़े निगमों तक। B2B लेनदेन भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, विकास को बढ़ावा देते हैं और विभिन्न उद्योगों में साझेदारी को बढ़ावा देते हैं।

B2B कैसे काम करता है?

B2B लेनदेन में, एक व्यवसाय विक्रेता के रूप में कार्य करता है, उत्पाद या सेवाएँ प्रदान करता है, जबकि दूसरा व्यवसाय खरीदार के रूप में कार्य करता है, अपने स्वयं के उपयोग या पुनर्विक्रय के लिए उन उत्पादों या सेवाओं को खरीदता है। व्यवसाय-से-उपभोक्ता (B2C) लेन-देन के विपरीत, जहाँ व्यवसाय सीधे व्यक्तिगत उपभोक्ताओं को बेचते हैं, B2B लेन-देन में आम तौर पर बड़ी मात्रा और उच्च मूल्य शामिल होते हैं।

B2B लेन-देन के उदाहरण:

विनिर्माण क्षेत्र: ऑटोमोबाइल पार्ट्स का निर्माता अपने उत्पाद कार निर्माण कंपनी को बेचता है।

थोक क्षेत्र : एक थोक व्यापारी निर्माता से थोक में सामान खरीदता है और उन्हें खुदरा विक्रेताओं को बेचता है ताकि वे उपभोक्ताओं को फिर से बेच सकें।

सॉफ्टवेयर उद्योग : एक सॉफ्टवेयर विकास कंपनी अन्य व्यवसायों को उनके संचालन में सुधार करने के लिए अनुकूलित सॉफ्टवेयर समाधान प्रदान करती है।

प्रोफेशनल सर्विसेस : एक लेखा फर्म व्यवसायों को उनके वित्त का प्रबंधन करने में मदद करने के लिए ऑडिटिंग और कर सेवाएँ प्रदान करती है।

B2B लेन-देन की मुख्य विशेषताएं

संबंध-संचालित : B2B लेन-देन अक्सर व्यवसायों के बीच दीर्घकालिक संबंधों पर निर्भर करते हैं। विश्वास और विश्वसनीयता इन संबंधों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मात्रा और मूल्य : B2B लेन-देन में आम तौर पर B2C लेन-देन की तुलना में बड़ी मात्रा में सामान या सेवाएँ और उच्च मौद्रिक मूल्य शामिल होते हैं।

अनुकूलन : व्यवसायों को अक्सर उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप अनुकूलित उत्पादों या सेवाओं की आवश्यकता होती है। B2B विक्रेताओं को इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपनी पेशकशों को अनुकूलित करने की आवश्यकता हो सकती है।

निर्णय लेने की प्रक्रिया : B2B लेन-देन में आमतौर पर खरीद करने वाले संगठन के भीतर कई निर्णयकर्ता शामिल होते हैं। B2C लेन-देन की तुलना में खरीद प्रक्रिया अधिक जटिल और समय लेने वाली हो सकती है।

भुगतान शर्तें : B2B लेन-देन में भुगतान शर्तें अक्सर खरीदार और विक्रेता के बीच बातचीत से तय होती हैं और इसमें चालान, किस्त भुगतान या क्रेडिट व्यवस्था शामिल हो सकती है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में B2B का महत्व

B2B लेन-देन भारत में आर्थिक वृद्धि और विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यहाँ कुछ कारण दिए गए हैं कि B2B क्यों महत्वपूर्ण है:

उद्योगों का समर्थन करता है : B2B लेन-देन विनिर्माण, कृषि, प्रौद्योगिकी और सेवाओं जैसे विभिन्न उद्योगों को संचालित करने और बढ़ने के लिए आवश्यक सामान और सेवाएँ प्रदान करके उनका समर्थन करता है।

रोज़गार सृजन : B2B क्षेत्र विनिर्माण और वितरण से लेकर बिक्री और विपणन तक आपूर्ति श्रृंखला में रोज़गार के अवसर पैदा करता है।

इनोवेशन : B2B लेन-देन नवाचार को बढ़ावा देते हैं क्योंकि व्यवसाय अन्य व्यवसायों की उभरती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए नए उत्पाद, सेवाएँ और प्रौद्योगिकियाँ विकसित करते हैं।

एक्सपोर्ट्स : B2B लेन-देन दूसरे देशों में व्यवसायों को माल और सेवाएँ प्रदान करके भारत के निर्यात में योगदान करते हैं, जिससे विदेशी मुद्रा आय में वृद्धि होती है।

दक्षता : B2B लेन-देन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करके, लागतों को कम करके और उत्पादकता बढ़ाकर आपूर्ति श्रृंखला में दक्षता में सुधार करते हैं।

निष्कर्ष

निष्कर्ष के तौर पर, भारत में व्यवसाय-से-व्यवसाय (B2B) लेन-देन में दो व्यवसायों के बीच वस्तुओं या सेवाओं की खरीद और बिक्री शामिल है। ये लेन-देन आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, इनोवेशन को बढ़ावा देने और विभिन्न क्षेत्रों में उद्योगों का समर्थन करने के लिए आवश्यक हैं। भारतीय बाजार में सफल होने की चाह रखने वाले व्यवसायों के लिए B2B और इसके महत्व को समझना महत्वपूर्ण है।

झारखंड की जेलों में कक्षपाल के पदों निकली भर्ती

हर माह मिलेंगे 20 हजार रुपए, आयु सीमा 55 वर्ष

झारखंड के कुल 30 काराओं में 647 पदों की नियुक्ति प्रक्रिया के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। यह नियुक्ति पुरुष कक्षपाल और महिला कक्षपाल के रिक्त पदों पर भूतपूर्व सैनिकों की संविदा पर होगी। नियुक्ति एक वर्ष के लिए होगी। आवश्यकतानुसार अनुबंध की अवधि को बढ़ाया जाएगा। नियमित नियुक्ति होने पर अनुबंध पर रखे गए सभी भूतपूर्व सैनिकों की सेवा समाप्त कर दी जाएगी। कारा निरीक्षणालय ने नियुक्ति को लेकर विज्ञापन जारी किया है। यह नियुक्ति राज्य के पांच केंद्रीय काराओं में अलग-लग तिथियों में की जाएगी।

कब और कहां आवेदन लिए जाएंगे

तय तिथि को सभी योग्य भूतपूर्व सैनिकों को संबंधित आवश्यक दस्तावेज के साथ संबंधित कारा अधीक्षक के समक्ष उपस्थित होना होगा। केंद्रीय कारा, दुमका में आवेदन 21 जून को, केंद्रीय कारा, घाघीडीह (जमशेदुपर) में 28 जून को, केंद्रीय कारा, हजारीबाग में 5 जुलाई को, केंद्रीय कारा, होटवार में 12 जुलाई को और केंद्रीय कारा, मेदिनीनगर में 19 जुलाई को आवेदन लिए जाएंगे। जानकारी के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

यहां देखें नोटिफिकेशन

नियुक्ति के बाद 20 हजार रुपये प्रति माह का मानदेय दिया जाएगा। आवेदकी की उम्र 55 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। अनुबंध की अवधि पहले एक साल की रहेगी। फिर इसे आगे बढ़ाया जा सकता है।

आवेदन के साथ ये डॉक्यूमेंट लगाने होंगे

- डिस्चार्ज कार्ड, पहचान पत्र, शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र, सेल्फ एड्रेस्ड लिफाफा जिस पर 45 रुपये का टिक्ट लगा होगा
- सेल्फ अटेस्टेड फोटो को फॉर्म में लगाएंगे।
- दो सेल्फ अटेस्टेड फोटो ।

सेबी में अधिकारियों की हो रही है नियुक्ति

जानें आवेदन प्रक्रिया

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने इस साल विभिन्न विभागों में 49 अधिकारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की है। इससे सेबी को अपने नियामकीय कामकाज के तेजी से और अधिक प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन में मदद मिलेगी।यह निर्णय भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा मार्च में 97 वरिष्ठ स्तर के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करने के बाद लिया गया है।

जानें जरूरी तारीख

आवेदन की प्रारंभिक तिथिः 11 जून, 2024
आवेदन की अंतिम तिथिः 30 जून, 2024
चरण I ऑनलाइन परीक्षाः 27 जुलाई, 2024
चरण II ऑनलाइन परीक्षाः 31 अगस्त, 2024
सूचना प्रौद्योगिकी स्ट्रीम के चरण II का पेपर 2: 14 सितंबर, 2024

रिक्तियों का विवरण

सामान्यः 62 पद
कानूनीः 5 पद
सूचना प्रौद्योगिकीः 24 पद
शोधः 2 पद
राजभाषाः 2 पद
इंजीनियरिंगः 2 पद

पात्रता मानदंड

शैक्षणिक योग्यता और आयु सीमा यहाँ उपलब्ध विस्तृत अधिसूचना पर जाँची जा सकती है।

आवेदन आमंत्रण

ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए लिंक मूल रूप से 13 अप्रैल को खुलने वाला था। हालांकि, आम चुनाव के कारण इसे स्थगित करने का निर्णय लिया गया। सेबी ने मंगलवार को एक नए नोटिस में सामान्य, विधि, सूचना प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग इलेक्ट्रिकल, अनुसंधान और आधिकारिक भाषा विभाग में ऑफिसर ग्रेड ए (सहायक प्रबंधक) के 49 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

चयन प्रक्रिया

चयन का तरीका तीन चरणों की प्रक्रिया होगी यानी चरण I (ऑनलाइन स्क्रीनिंग परीक्षा जिसमें 100 अंकों के दो पेपर होंगे), चरण II (ऑनलाइन परीक्षा जिसमें 100 अंकों के दो पेपर होंगे) और चरण III (साक्षात्कार)। ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए लिंक 30 जून तक खुला रहेगा। नियामक सामान्य विषय (जनरल स्ट्रीम) में 34 पद, सूचना प्रौद्योगिकी में 10, विधि दल में दो तथा इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रिकल), अनुसंधान तथा आधिकारिक भाषा विभागों में एक-एक पद भरने की योजना बना रहा है। चयन 27 जुलाई से शुरू होकर तीन चरणों में संपन्न होगा। सेबी पिछले कुछ वर्षों से अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ा रहा है।

यूपी में निकली 48 सौ से ज्यादा पदों के लिए नियुक्ति, चेक करें डिटेल्स

उत्तर प्रदेश पंचायती राज विभाग ने हाल ही में उत्तर प्रदेश पंचायती राज की आधिकारिक वेबसाइट पर पंचायत सहायक सह डाटा एंट्री ऑपरेटर डीईओ पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। जिसके लिए इस पेज पर यूपी पंचायतीराज सहायक, डीईओ भर्ती 2024 का विवरण दिया गया है। यूपी पंचायतीराज सहायक, डीईओ भर्ती 2024 के लिए ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया 15 जून 2024 से शुरू होने वाली है। आपको बता दें इन पदों के लिए 4800 से ज्यादा पदों के लिए नियुक्ति कि जा रही है।

शैक्षणिक योग्यता : भारत में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवार इस पद के लिए पात्र होंगे और उम्मीदवार उसी ग्राम पंचायत का निवासी होना चाहिए जहाँ से वह आवेदन कर रहा है। जो उम्मीदवार यूपी पंचायतीराज सहायक, डीईओ भर्ती 2024 के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें अपना आवेदन 30/जून/2024 से पहले ग्राम पंचायत कार्यालय / विकास खंड कार्यालय / जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में भेजना होगा।

ऐसे करें आवेदन : उत्तर प्रदेश पंचायती राज विभाग ने पंचायत सहायक (सहायक) सह डाटा एंट्री ऑपरेटर डीईओ भर्ती 2024 बैच के रिक्त पदों के लिए नवीनतम नौकरी भर्ती जारी की है। उम्मीदवार 15/06/2024 से 30/06/2024 के बीच आवेदन कर सकते हैं। ऑफ़लाइन आवेदन करें।

आवेदन पत्र को यहां जमा करें: ग्राम पंचायत कार्यालय / विकास खंड कार्यालय / जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय

कृपया सभी दस्तावेज : पात्रता, आईडी प्रमाण, पता विवरण, मूल विवरण की जांच करें और एकत्र करें।

राशिफल

प्रियंका जैन

मेष पुराना रोग उभर सकता है। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोधी सक्रिय रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा।

वृष व्यवसाय में ध्यान देना पड़ेगा। व्यर्थ समय न गंवाएं। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। थकान रहेगी। कुसंगति से बचें। निवेश शुभ रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा।

मिथुन घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें।

कर्क कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। व्यापार में लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। शत्रु पस्त होंगे। विवाद में न पड़ें।

सिंह बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। स्थायी संपत्ति से बड़ा लाभ हो सकता है। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न तथा संतुष्ट रहेंगे।

कन्या पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। समय की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

तुला दूर से बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। बेवजह तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। फालतू बातों पर ध्यान न दें। मेहनत अधिक व लाभ कम होगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं।

वृश्चिक कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चिंता बनी रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। निवेश लाभदायक रहेगा।

धनु उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। बड़ा काम करने का मन बनेगा। झंझटों से दूर रहें। कानूनी अड़चन का सामना हो सकता है।

मकर नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति संभव है। यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबारी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। आशंका-कुशंका रहेगी।

कुंभ फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। बजट बिगड़ेगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचित व्यक्तियों पर अंधविश्वास न करें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

मीन यात्रा लाभदायक रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है। संचित कोष में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

कर्ज लेने के बाद कब तक उतरेगा ?

यह सब कर्ज लेने वाले व्यक्ति की कुण्डली के ग्रहों की स्थिति पर। निर्भर करता है।कर्ज आज के समय ज्यादातर जातक/जातिका लेकर अपने जीवन की मूलभूत इच्छाएं पूरी करते है, जैसे मकान बनाने के लिए, शिक्षा के लिए, किसी आर्थिक समस्या से निकलने के लिए, व्यापार करने के लिए आदि।अब कई लोग या ज्यादातर लोग तो बैंक से ही कर्ज लेते हैं तो कुछ लोग बैंक से न लेकर ब्याज आदि पर भी बाहरी(प्राइवेट या अपने किसी संबंधित आदि) से कर्ज ले लेते है।।

कर्ज तो ले लिया चाहे बैंक से लिया या कही ओर से, लेकिन कर्ज उतरेगा कब तक, और कोई परेशानी तो नहीं आएगी और कर्ज जिस कार्य के लिए लिया गया है। उसमें सफलता मिलेगी या नहीं और क्या कर्ज आसानी से चुकता होगा तो परेशानी आ गई तो बाद में कर्ज से कोई बड़ी परेशानी तो नहीं होगी और चुका दिया जाएगा या नहीं, अब आज इन्ही सब विषयों पर बात करते है। कुंडली में कर्ज का भाव(घर) छठा भाव होता है इसी भाव की शुभ और अशुभ स्थिति से कर्ज की स्थिति का पता चलता है उतरेगा तो कब तक और कैसे और बिना किसी परेशानी के या परेशानी के बाद उतरेगा आदि साथ ही कर्ज का कारक मंगल होता है और कर्ज मतलब धन तो धन के लिए दूसरे भाव भी अच्छा होने से कर्ज जल्दी चूक जाता है क्योंकि यह धनभाव है।



अब जब छठे भाव और इस भाव के स्वामी साथ ही मंगल की स्थिति अच्छी होगी तब कर्ज बहुत आसानी से और निर्बिघ्न उतरेगा, चाहे आर्थिक स्थिति कमजोर हो तब भी उतर जाएगा किसी न किसी माध्यम से, लेकिन जब छठा भाव/इसका स्वामी पीड़ित या अशुभ स्थिति में हुआ तब कर्ज उतरने में दिक्कत आएगी छठे भाव के साथ यदि दूसरा भाव (धन भाव) भी कमजोर हुआ और वर्तमान भविष्य में चलने वाली ग्रह दशाएं अनुकूल नहीं है तब कर्ज लेने के बाद बड़ी परेशानी होने तय है जबकि छठे भाव और इसके स्वामी की स्थिति अच्छी होना और ग्रह दशाओं का अनुकूल होना कर्ज से मुक्ति उसी समय हो जाएगी अनुकूल ग्रह दशा में।

प्रियंका जैन
9769994439

खबर संक्षेप

अज्ञात अपराधियों ने ज्वेलरी दुकान पर चलायी गोली

बोकारो : बोकारो में अज्ञात अपराधियों ने एक ज्वेलरी दुकान पर फायरिंग की है। घटना बुधवार सुबह बेरमो के फुसरो थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार गोली ज्ञान ज्वेलर्स के शीशे पर लगी। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी बैंक मोड़ की तरफ भाग निकले। इसके बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल है। इधर, आक्रोशित दुकानदारों ने सड़क जाम कर दी है।

बताया जाता है कि संचालक ज्ञानेश्वर प्रसाद सोनी अपने दुकान पर बैठे थे। इस दौरान अचानक दो बाइक सवार उनकी दुकान के पास पहुंचे और फायरिंग कर भाग खड़े हुए। गनीमत रही कि गोली दुकान के शीशे में लगी। जिससे कारण वह बाल बाल बच गये। इधर, घटना के बाद पुलिस वारदात स्थल पर पहुंची और मामले की जानकारी ली, पुलिस ने खोखा व गोली को जब्त कर लिया है।

5 हजार रुपए रिश्वत लेते सहायक अभियंता गिरफ्तार

गढ़वा : गढ़वा में भ्रष्टाचार के विरुद्ध एसीबी ने बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार को जिले के चिनिया प्रखंड में पदस्थापित सहायक अभियंता अनुज कुमार को 5 हजार रुपये रंगेहाथ रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया गया है। उनकी गिरफ्तारी रंका में स्थित कंचनपुर में उनके घर से हुई है। एसीबी की टीम उन्हें गिरफ्तार कर मेदिनीनगर अपने साथ ले गयी।

जानकारी के मुताबिक गढ़वा जिले के चिनिया प्रखंड के एक व्यक्ति ने मनरेगा योजना के तहत डोभा निर्माण का टेंडर अपने हाथ में लिया था। इस डोभा का निर्माण लाखों रुपये की लागत से हो रहा था। इसी के तहत एक जरूरी कागजात पर उन्हें उस सरकारी इंजीनियर से हस्ताक्षर कराना था। लेकिन सहायक अभियंता का रौब इतना था कि वह बिना रिश्वत के उस हस्ताक्षर से करने से मना कर रहे थे। हस्ताक्षर करने के एवज में वे उनसे पांच हजार रुपये घूस की मांग कर रहे थे। जब काफी मिन्नतें करने के बाद भी बात नहीं बनी तो डोभा निर्माण कार्य कर रहे व्यक्ति ने इसकी सूचना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को दी। एसीबी ने तुरंत इस पर संज्ञान लेते हुए जांच पड़ताल शुरु की। जिसमें आरोप सही पाया गया। इसके बाद एसीबी ने उनकी गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया और उसे पांच हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उनके आवासी की तलाशी ली गयी। इसके बाद उनसे पूछताछ हुई और सहायक अभियंता अनुज कुमार रवि को मेदनीनगर ले जाया गया।

अयोध्या में बनेगा एनएसजी का हब

- राम मंदिर के पास होगा बेस पॉइंट
- आतंकी हमले की आशंका और सुरक्षा को लेकर फैसला

एजेंसी । अयोध्या

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में नेशनल सिक्यूरिटी गार्ड (NSG) का हब बनाया जाएगा। कश्मीर में पिछले तीन दिनों में तीन आतंकी हमलों के बाद से देश भर में संवेदनशील इलाकों की सुरक्षा पर जोर दिया जा रहा है। अयोध्या इस क्रम में सबसे अधिक चर्चा में आ गया है। अयोध्या में राम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के बाद से लगातार यहां की सुरक्षा पर सवाल उठते रहे हैं। राम मंदिर की सुरक्षा को पुख्ता किया गया है। केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। दरअसल, 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से श्रद्धालुओं की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। हर रोज डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु यहां दर्शन कर रहे हैं। ऐसे में यहां की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाए जाने पर जोर दिया जा रहा है। केंद्र सरकार की ओर से अयोध्या में एनएसजी का हब बनाने की योजना तैयार की गई है। सूत्रों के अनुसार, एनएसजी हब में ब्लैक कैट कमांडो की तैनाती की जाएगी।

केंद्र की ओर से लिया गया है फैसला

केंद्र सरकार की ओर से फैसला लिया गया है कि अयोध्या में एनएसजी कमांडो की तैनाती की जाएगी। गृह मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, अयोध्या में राम भक्तों की सुरक्षा के लिए एनएसजी कमांडो की तैनाती की जाएगी। आतंकी हमलों जैसी स्थिति से निपटने के लिए विशेष रूप से इस योजना पर काम किया जा रहा है। जल्द ही इसे जमीन पर उतारने की तैयारी की जा रही है।

लगातार आते रहे हैं अलर्ट

जानकारी के अनुसार, राम मंदिर पर खतरा हमेशा से रहा है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान भी खतरे को लेकर कई अलर्ट आए थे। दावा किया जा रहा था कि आतंकी राम मंदिर को निशाना बना सकते हैं। इसको देखते हुए केंद्र सरकार ने इस बात पर सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है कि अयोध्या में अब एनएसजी का अलग से हब बनेगा। यह इंटीग्रेटेड हब होगा, जहां तमाम ब्लैक कैट कमांडो तैनात होंगे। किसी प्रकार का आतंकी खतरा होने की स्थिति में दिल्ली से एनएसजी कमांडो को भेजने की जगह वहां तैनात होने वाले ब्लैक कैट को इससे निपटने की जिम्मेदारी दी जाएगी। केंद्र सरकार की ओर से इस संबंध में तैयारी की गई है। राज्य सरकार को भी इस संबंध में जानकारी दी गई है। हब के लिए जमीन के आवंटन की तैयारी पूरी कर ली गई है। केंद्र सरकार ने एनएसजी की एक पूरी टीम लगाने की योजना बनाई है। अयोध्या की सुरक्षा अभी पीएसी से अलग कर एसएसएफ को दिया गया है।

हेरोइन की सप्लाई करने वाले दो तस्कर गिरफ्तार

झारखंड से ला रहे थे ड्रग्स, गाजीपुर में गिरफ्तार

एजेंसी । गाजीपुर

पुलिस की जॉइंट टीम ने ड्रग्स सप्लाई कार्टेल के दो हैंडलर को गिरफ्तार किया है। यह झारखंड से हेरोइन लाकर यूपी और अन्य राज्यों के कई जिलों में बेचते थे। इनके पास से पुलिस ने हेरोइन भी जब्त की है। जब्त की गई हीरोइन की कीमत 1.25 करोड़ रुपये अंतरराष्ट्रीय बाजार में आंकी गई है। पकड़े गए तस्करों के बारे में एसपी ओमवीर सिंह ने बुधवार को मीडिया से जानकारी साझा की। एसपी सिंह ने बताया कि पुलिस ने दो हेरोइन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये तस्करों के पास से 1.25 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद हुई है। पुलिस ने गाजीपुर के जमानिया थाना क्षेत्र के गंगा पुल के पास से तस्करों को पकड़ा। पकड़े गए तस्कर झारखंड से हेरोइन लाकर दूसरे राज्यों मे सप्लाई करते थे।

दिल्ली में भी सप्लाई

एसपी गाजीपुर ओमवीर सिंह ने यह भी बताया कि इन तस्करों से पूछताछ में जानकारी हुई है कि यह मादक पदार्थों की सप्लाई राजस्थान और दिल्ली तक करते थे। पुलिस इनके पूछताछ के आधार पर पूरे इस ड्रग का कार्टेल के चैन सप्लाई से जुड़े अभियुक्तों को चिन्हित करने के प्रयास में जुटी हुई है।

अबुआ आवास योजना में लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई: सीएम चंपाई

एजेंसी । रांची

सीएम चंपाई सोरेन ने बुधवार को प्रोजेक्ट भवन में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना में लापरवाही बरतनेवाले अफसरों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लाभुकों को न्यूनतम दर पर आवास निर्माण के लिए बालू जैसी निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने को लेकर पहल करने को कहा। उन्होंने कहा कि हर वर्ग को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। राज्य के सभी प्रखंडों में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस होंगे। राज्य में संचालित 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस को प्राइवेट स्कूलों की तरह अपग्रेड करने का निर्देश दिया।

अबुआ आवास योजना में लापरवाही बरतनेवाले अफसरों पर होगी कार्रवाई

सीएम चंपाई सोरेन ने अबुआ आवास योजना के तहत पहले चरण में स्वीकृत किए गए 2 लाख आवास और इसकी पहली किस्त की राशि जारी होने के बाद आवास निर्माण के प्रगति की जानकारी ली और इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस योजना के लाभुक गरीब और जरूरतमंद होते हैं। ऐसे में न्यूनतम दर पर उन्हें आवास निर्माण के लिए बालू जैसी निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने की पहल करें। लाभुकों की चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती जाए। जिन्हें अबुआ आवास आवंटित हो चुका है और उनका पहला चरण का कार्य संतोषजनक है तो उन्हें दूसरी किस्त की राशि जारी करें। इस योजना में अनियमितता और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

प्राइवेट स्कूलों की तरह सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस को करें अपग्रेड

झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन ने अफसरों को निर्देश दिया कि 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में विद्यार्थियों का प्रदर्शन बेहतर हो, इस पर काम करें। सभी जिलों के उपायुक्त सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में मिल रही सभी सुविधाओं का निरंतर मॉनिटरिंग करें। वर्तमान में संचालित 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस को निजी विद्यालयों के अनुरूप अपग्रेड करें।

झारखंड के सभी प्रखंडों में होंगे सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि शिक्षा ही सामाजिक उन्नति का आधार है। राज्य के सभी वर्गों के बच्चों को बेहतर शिक्षा देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बच्चों में शिक्षा का अलख जगाना हमारी सरकार की जिम्मेदारी है। आने वाले समय में सभी प्रखंड में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस होंगे। सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में रेगुलर टीचर की नियुक्ति करें। राज्य में संचालित सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई सुनिश्चित करें। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विद्यालयों में 100% रिजल्ट हो, इसके लिए सभी आवश्यक प्रयास किया जाएं। शिक्षा में किसी भी प्रकार से कोताही अधिकारी नहीं बरतें।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और किसानों की बीच हुई झड़प

अवैध कब्जे पर कार्रवाई करने गई थी टीम

एजेंसी । ग्रेटर नोएडा

यूपी के ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम और किसानों के बीच झड़प का मामला सामने आया है। यहां ग्रेनो वेस्ट स्थित इटेहड़ा गांव में प्राधिकरण की टीम और किसान के बीच झड़प हो गई। इस दौरान एक किसान के सिर पर चोट लग गई। सिर से खून बहते हुए किसान का वीडियो भी सामने आया है। अवैध अतिक्रमण से कब्जा हटाने प्राधिकरण की टीम पहुंची थी, तभी दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई और एक किसान का सिर फूट गया। इसमें प्राधिकरण के कर्मचारियों को भी चोट आई है। कोतवाली बिसरख क्षेत्र में बुधवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम पुलिस बल के साथ अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए गई थी। किसानों ने प्राधिकरण की जमीन पर अवैध कब्जा कर अतिक्रमण कर रखा था। प्राधिकरण की ओर से कई बार कब्जाधारी को नोटिस भी दिया जा चुका है। बावजूद इसके किसानों ने अतिक्रमण नहीं हटाया। इसी कड़ी में जब आज प्राधिकरण अपनी टीम और दस्ते के साथ जमीन पर कब्जा लेने पहुंचे तो उनकी और किसान के बीच झड़प हो गयी। झड़प के दौरान मौके पर और लोग पहुंच गए। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने प्राधिकरण की टीम पर पुलिस की मौजूदगी में पत्थरबाजी करनी शुरू कर दी।

अवैध कब्जा कर बनाई दुकान

प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि अतिक्रमण हटाने गई प्राधिकरण की टीम पर पत्थरों से हमला बोल दिया। प्राधिकरण की इटेहड़ा गांव में खसरा नंबर-435 पर किसानों की ओर से अवैध कब्जा कर रखा था, जिसे आज हटाने के लिए टीम गई थी। इसी दौरान उनकी ओर से हमला किया गया। किसान ने मुआवजा उठी पुरानी आबादी जमीन पर अवैध कब्जा करके 6 दुकानें बना दी थी। आदर्श आचार संहिता के दौरान अवैध कब्जा करके दुकानें बनाई गई थी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम बिसरख थाना पुलिस को अतिक्रमण हटाने के लिए साथ लेकर पहुंची थी। प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि पत्थरबाजी में एक किसान को चोट लगी है, बट से मारने की बात गलत है। इस हमले में प्राधिकरण के कर्मचारियों को भी चोट आई है।

कांस्टेबल ने थाने में खुद को मारी गोली

एजेंसी । पाली

राजस्थान के पाली शहर के पुलिस महकमे से हैरान करने वाली घटना का खुलासा हुआ है। यहां औद्योगिक नगर थाना पुलिस स्टेशन में एक कांस्टेबल ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी अनुसार पाली जिले के लापावास गांव निवासी भरत चौधरी औद्योगिक थाने में ही कांस्टेबल के पद पर तैनात था। मंगलवार रात उसकी संतरी की ड्यूटी थी। ड्यूटी के दौरान ही उसने रात करीब डेढ़ बजे सर्विस राइएल से खुद पर फायर कर दिया , फायर से गोली उसके सिर से निकल गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। औधोगिक थाने में हुई इस घटना की जानकारी पुलिस प्रशासन ने भी दे दी है। घटना के संबंध में जानकारी मिलने के बाद यहां मौके पर एसपी चूनाराम जाट भी पहुंचे।

सीएम भजनलाल शर्मा की सख्ती वाला डंडा चला

एजेंसी । जयपुर

सत्ता में आते ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी विभागों को 100 दिवसीय की कार्ययोजना तय करके समय पर टारगेट पूरा करने के निर्देश दिए थे। बाद में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लग गई। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक ली। मंगलवार को सचिवालय में हुई इस बैठक में हर विभाग के सौ दिवसीय कार्यों की समीक्षा की। कई विभागों के टारगेट पूरा नहीं होने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सख्त नाराजगी जताई। वे भरी बैठक में अफसरों पर भड़क उठे। उन्होंने साफ कहा कि तय टारगेट को समय पर पूरा नहीं करना बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगा। जो अफसर लापरवाही करेंगे या उदासीन रहेंगे। उनके खिलाफ सरकार सख्त कार्रवाई करेगी।

व्यापार जगत

चुनिंदा शेयरों में खरीदारी से निफ्टी नए उच्चस्तर पर

एजेंसी । मुंबई

वैश्विक स्तर पर मजबूती के संकेतों के बीच घरेलू बाजार में बिजली, पूंजीगत उत्पाद और औद्योगिक शेयरों में खरीदारी आने से बुधवार को निफ्टी ने अपना उच्चतम स्तर छुआ जबकि सेंसेक्स अपने रिकॉर्ड स्तर से थोड़ा ही दूर रहा। कारोबारियों ने कहा कि एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी चुनिंदा कंपनियों के शेयरों को लेकर लिवाली का रुझान होने से भी निवेशकों की धारणा को बल मिला और दोनों सूचकांक हल्की बढ़त के साथ बंद हुए।

सेंसेक्स 76,606.57 अंक पर बंद

बेहद अस्थिर कारोबार में सेंसेक्स 149.98 अंक चढ़कर 76,606.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 593.94 अंक बढ़कर 77,050.53 अंक पर पहुंच गया था जो इसके सर्वकालिक उच्चस्तर 77,079.04 से केवल 28.51 अंक दूर है। निफ्टी भी 177.1 अंक बढ़कर दिन में कारोबार के दौरान 23,441.95 के अपने नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में यह 58.10 अंक की बढ़त के साथ 23,322.95 के नए उच्चस्तर पर बंद हुआ।

पावर ग्रिड के शेयर में सर्वाधिक 2.54 प्रतिशत की तेजी

सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड के शेयर में सर्वाधिक 2.54 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इसके अलावा टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, लार्सन एंड टूब्रो, टाटा स्टील, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व और एचसीएल टेक्नोलॉजीज भी बढ़त के साथ बंद हुए। इसके उलट महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस और टाइटन के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

रुपए तीन पैसे की तेजी के साथ 83.56 प्रति डॉलर पर

एजेंसी । मुंबई

घरेलू बाजार में सकारात्मक रुख के कारण बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए तीन पैसे मजबूत होकर 83.56 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी बुधवार को अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि रुपया सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है क्योंकि सभी की निगाहें, वैश्विक मोर्चे पर अमेरिका के मई के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़ों और फेडरल रिजर्व के ब्याज दर को लेकर निर्णय पर लगी है।

एक्सिस बैंक पर 1.66 करोड़ का जुर्माना

एजेंसी । नई दिल्ली

वित्तीय आसूचना इकाई (एफआईयू) ने एक्सिस बैंक पर 1.66 करोड़ रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया है। बैंक पर यह जुर्माना आतंकवाद रोधी कमांडो बल एनएसजी के नाम पर एक 'धोखाधड़ी' वाला खाता खोलकर अपनी एक शाखा में किए गए संदिग्ध लेनदेन का पता लगाने और उसकी जानकारी देने के लिए कोई तंत्र स्थापित करने में रहने को लेकर लगाया गया है। संघीय एजेंसी ने तीन जून को धन शोधन रोधक अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 13 के तहत एक आदेश जारी किया। अधिनियम संघीय एजेंसी के निदेशक को किसी रिपोर्टिंग इकाई (जैसे एक्सिस बैंक) पर मौद्रिक जुर्माना लगाने का अधिकार देता है। किसी इकाई के निदेशक मंडल में उसके नामित निदेशक या उसके किसी कर्मचारी के उक्त कानून के तहत अनिवार्य दायित्वों का पालन नहीं करने पर जुर्माना लगाया जा सकता है। इस संबंध में एक्सिस बैंक को भेजे गए सवाल का तत्काल कोई जवाब नहीं मिला है।

पाइपिंग कंपनी दी डेवलपमेंट इंजीनियर्स का आईपीओ 19 जून को खुलेगा

एजेंसी । नई दिल्ली

पाइपिंग समाधान प्रदाता दी डेवलपमेंट इंजीनियर्स लिमिटेड (डीडीईएल) ने बुधवार को कहा कि वह 19 जून को खुलने वाले अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 418 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। इस निर्गम के लिए 193-203 रुपए प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया गया है। निर्गम 21 जून को बंद होगा। इसके पहले बड़े (एंकर) निवेशक 18 जून को बोली लगा सकेंगे।

आईपीओ से संबंधित दस्तावेजों के मसौदे के मुताबिक, आईपीओ के तहत 325 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे। इसके अलावा प्रवर्तक कृष्ण ललित बंसल 93 करोड़ रुपये मूल्य के 45.82 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश भी करेंगे। इस तरह आईपीओ का कुल आकार 418 करोड़ रुपए हो जाता है।

ईंधन मांग वृद्धि में सबसे आगे रहेगा भारत

एजेंसी । नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने बुधवार को कहा कि दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता भारत इस दशक के उत्तरार्ध में वैश्विक तेल मांग में अग्रणी बन जाएगा। एजेंसी ने 2023 और 2030 के बीच खपत में 13 लाख बैरल की भारी वृद्धि का अनुमान लगाया है।

पेरिस मुख्यालय वाली निगरानी एजेंसी ने अपनी 'ऑयल 2024 रिपोर्ट' में कहा कि अनुमान है कि 2023 और 2030 के बीच भारत की तेल मांग चीन के अलावा किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक बढ़ेगी।

कच्चे तेल की मांग 67 लाख बीपीडी हो जाने का अनुमान

भारत की कच्चे तेल की मांग 2023 में 54 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) से बढ़कर 2030 तक 67 लाख बीपीडी हो जाने का अनुमान है। यह 3.2 प्रतिशत या 13 लाख बीपीडी की वृद्धि है। रिपोर्ट के अनुसार, असामान्य रूप से, वैश्विक संदर्भ में 13 लाख बीपीडी से अधिक की वृद्धि में सबसे ज्यादा योगदान सड़क परिवहन ईंधन की बढ़ती मांग का होगा। इसमें पेट्रोरसायन फीडस्टॉक्स का अपेक्षाकृत कम योगदान होगा और अंतर्निहित वृद्धि स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों की तैनाती से काफी आगे निकल जाएगी। इसमें कहा गया, 2025 और 2030 के बीच भारत की तेल मांग में नौ लाख बीपीडी की वृद्धि होगी, जो चीन की 5.7 लाख बीपीडी की मांग वृद्धि से काफी अधिक है। विश्व के लिए, आईईए ने पूर्वानुमान लगाया है कि तेल की मांग 2029 तक चरम पर पहुंच जाएगी तथा उससे अगले वर्ष इसमें कमी आनी शुरू हो जाएगी।

पीएलआई योजना से चार साल में तीन-चार लाख करोड़ का निवेश आएगा : इक्रा

एजेंसी । नई दिल्ली

सेमीकंडक्टर, सौर मॉड्यूल और फार्मास्युटिकल जैसे क्षेत्रों में बड़ी परियोजनाएं शुरू होने की उम्मीदों के बीच उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से अगले चार साल में तीन से चार लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने और दो लाख रोजगार के अवसरों का सृजन होने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी इक्रा के एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को यह अनुमान जताया है। इक्रा के कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य रेटिंग अधिकारी के रविचंद्रन ने कहा कि इसके अलावा, तेल एवं गैस, धातु एवं खनन, अस्पताल, स्वास्थ्य सेवा और सीमेंट क्षेत्रों में निजी क्षेत्र के पूंजीगत व्यय में भी वृद्धि होने की उम्मीद है। हालांकि, निजी क्षेत्र के पूंजीगत व्यय को रिकॉर्ड उच्चस्तर पर ले जाने के लिए सरकार को कुछ कर छूट देनी होगी, ताकि लोगों के पास अधिक खर्च योग्य आय हो।

सोने में 250 रुपए की तेजी, चांदी 800 रुपए उछली

एजेंसी । नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 250 रुपए की बढ़त के साथ 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 71,950 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 800 रुपये उछलकर 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 90,700 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, सोने की बढ़त में नरम अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और स्थिर अमेरिकी डॉलर से मदद मिली। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,315 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 12 डॉलर ऊंचा है।

गुरुवार को होगा सुपर मुकाबला, न्यूजीलैंड के लिए करो या मरो की स्थिति

लय हासिल करने उतरेंगी बांग्लादेश और नीदरलैंड्स की टीमें

- 04 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले दोनों टीमों के बीच खेले गए
- 03 मैच में बांग्लादेश और एक में नीदरलैंड्स की टीम जीती
- 02 मैच विश्व कप में दोनों के बीच हुए, दोनों बांग्लादेश ने जीते

एजेंसी । किंग्सटाउन

बांग्लादेश और नीदरलैंड्स की टीमें गुरुवार को विश्व कप में आमने-सामने होंगी। बांग्लादेश ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को दो विकेट से हराया था लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसके बल्लेबाज अपेक्षाकृत छोटा लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहे थे और उसे चार रन से हार का सामना करना पड़ा था। नीदरलैंड्स की टीम भी पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका से हार गई थी। ऐसे में दोनों टीमें जीत की लय के साथ वापसी करने के मैदान पर उतरेंगी। दोनों अभी सुपर आठ में जगह बनाने की दौड़ में कायम हैं। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप डी से शीर्ष पर रहकर पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है।

रन रेट में ऊपर बांग्लादेश

बांग्लादेश इस ग्रुप में अभी दूसरे स्थान पर है। उसके और नीदरलैंड्स के समान दो-दो अंक हैं। बांग्लादेश की टीम हालांकि बेहतर नेट रन रेट के आधार पर दूसरे स्थान पर है। नेपाल और श्रीलंका के एक-एक अंक हैं लेकिन उनके पास भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में जगह बनाने का मौका है। हालांकि बुधवार को नेपाल के साथ मुकाबला धुलने से श्रीलंका की उम्मीदें लगभग धूमिल हो चुकी हैं।

टीम

बांग्लादेश : नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तनजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम और तनजीम हसन साकिब।

नीदरलैंड्स : स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), आर्यन दत्त, बास डी लीडे, काइल क्लेन, लोगन वैन बीक, मैक्स ओडॉड, माइकल लेविट, पॉल वैन मीकेरेन, रयान क्लेन, साकिब जुल्फिकार, सिब्रांड एंजेलब्रेच, तेजा निदामनुरु, टिम प्रिंगल, विक्रम सिंह, विव किंगमा और वेस्ले बैरेसी।

बारिश ने बिगाड़ा श्रीलंका का खेल

बाहर होने की कगार पर श्रीलंका

लॉडरहिल (अमेरिका)। बारिश ने श्रीलंका का खेल बिगाड़ दिया। उसका नेपाल के खिलाफ बुधवार को विश्व कप के ग्रुप डी का मैच भारी बारिश के कारण धुल गया। मैच में एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। इससे श्रीलंकाई टीम टूर्नामेंट से लगभग बाहर हो गई है। अब उसे चमत्कार ही अगले दौर में पहुंचा सकता है। उसे सिर्फ एकमात्र मैच सोमवार को बांग्लादेश के खिलाफ खेलना है। श्रीलंका और नेपाल दोनों के एक-एक अंक हैं। श्रीलंका ने अपने दो शुरुआती मैच हारे हैं।

नेपाल के पास मौका

नेपाल के पास अभी क्वालीफाई करने का मौका है। उसे दो मुकाबले खेलने हैं। पर उसके लिए उसे इन दोनों मुकाबलों में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश को बड़े अंतर से हराना होगा।

श्रीलंका के लिए ये हैं समीकरण

- गुरुवार को बांग्लादेश और नीदरलैंड्स का मुकाबला बारिश से धुल जाए
- 14 जून को दक्षिण अफ्रीका अपने अंतिम मुकाबले में नेपाल को बड़े अंतर से मात दे
- 16 जून को श्रीलका अपने अंतिम ग्रुप मैच में नीरदरलैंड्स को हरा दे
- इसी दिन नेपाल अपने आखिरी मुकाबले में बांग्लादेश को मामूली अंतर से हरा दे

दक्षिण अफ्रीका सुपर आठ में

इस ग्रुप से दक्षिण अफ्रीकी टीम शीर्ष पर रहते हुए सुपर-आठ में पहुंच गई। उसने तीनों मैच जीते हैं। बांग्लादेश और नीदरलैंड्स के समान दो-दो अंक हैं। बांग्लादेश की टीम हालांकि बेहतर नेट रन रेट के आधार पर दूसरे स्थान पर है। इन दोनों को अभी दो-दो मैच खेलने हैं।

'करो या मरो के मुकाबले में न्यूजीलैंड का सामना वेस्टइंडीज से

- 19 मैच अब तक कीवी और विंडीज टीम के बीच खेले गए
- 11 मैच न्यूजीलैंड ने, छह विंडीज ने जीते, दो बेनतीजा रहे
- 01 मैच में दोनों 2012 विश्व कप में भिड़े, विंडीज सुपर ओवर में जीता

एजेंसी । टारूबा

न्यूजीलैंड को अगर विश्व कप में अगर अपना सफर कायम रखना है तो उसे मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ गुरुवार को यहां 'करो या मरो मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में न्यूजीलैंड की पूरी टीम 15.2 ओवर में 75 रन पर आउट हो गई जिससे उसे 84 रन से हार का सामना करना पड़ा।

खराब है रन रेट

इस हार से न्यूजीलैंड का नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया और वह ग्रुप सी में सबसे निचले स्थान पर है। हालांकि अभी उसे कुल तीन मैच और खेलने हैं। वैसे न्यूजीलैंड का विश्व कप में प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। वह पिछले तीन वनडे विश्व कप और तीन टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा है लेकिन इस बार उसके लिए चुनौती आसान नहीं है। अफगानिस्तान के खिलाफ उसके केवल दो बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंच पाए थे। केन विलियम्सन की अगुआई वाली टीम को अब उस प्रदर्शन को भूलकर वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा खेल दिखाना होगा। पिछले मैच में न्यूजीलैंड को केवल बल्लेबाजी में ही नहीं क्षेत्ररक्षण में भी निराशा हाथ लगी। उसने आसान कैच टपकाए और स्टंप आउट करने के मौके गंवाए जिससे अफगानिस्तान ने मजबूत स्कोर खड़ा किया।

विंडीज की नजर तीसरी जीत पर

वेस्टइंडीज के साथ ऐसी कोई दिक्कत नहीं है। मेजबान टीम लगातार तीसरी जीत से सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर लेगी। पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ वेस्टइंडीज को आसान जीत नहीं मिली लेकिन पिछले मैच में युगांडा को उसने 39 रन पर आउट करके 134 रन की बड़ी जीत दर्ज की थी।

टीमें

वेस्टइंडीज : रोवमैन पॉवेल (कप्तान), ब्रैंडन किंग, जॉनसन चार्ल्स, निकोलस पूरन (विकेट कीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, आंद्रे रसेल, रोमारियो शेफर्ड, रोस्टन चेस, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, गुडाकेश मोटी, ओबेद मैककॉय, शमर जोसेफ, शिमरॉन हेटमायर और शाई होप।

न्यूजीलैंड : केन विलियम्सन (कप्तान), फिन एलन, डेवोन कॉनवे (विकेट कीपर), डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, माइकल ब्रेसवेल, मिचेल सेंटनर, मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन, ट्रेंट बोल्ट, टिम साउथी, ईश सोढी, जेम्स नीशाम और रचिन रवींद्र।

कतर के विवादास्पद गोल की जांच हो : एआईएफएफ

एजेंसी । नई दिल्ली

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मैच आयुक्त को शिकायत करके दोहा में विश्व कप क्वालीफाइंग के अपने महत्वपूर्ण मुकाबले में कतर को विवादास्पद गोल देने की जांच की मांग की है। मंगलवार को करो या मरो के मुकाबले में भारत की 1-2 की हार के दौरान रेफरी किम वू सुंग ने गोल को मंजूरी दी थी जबकि इससे पहले ही गेंद मैदान से बाहर जा चुकी थी।

गोल के कारण भारत हारा

एआईएफएफ सूत्रों ने बताया कि उन्होंने गोल की 'गहन जांच की मांग है। इस गोल ने 2026 के टूर्नामेंट के लिए भारत को पहली बार फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में प्रवेश से वंचित कर दिया। ईरान के हामेद मोमेनी इस मुकाबले के मैच आयुक्त थे। उनकी भूमिका मैच के आयोजन की निगरानी करना और यह सुनिश्चित करना होती है कि मुकाबले के दौरान फीफा के नियमों का पालन किया जाएगा। भारत के कोच इगोर स्टिमैक ने बाद में निराशा जताते हुए कहा कि इस गोल ने उनकी टीम के सपने को खत्म कर दिया। गुरप्रीत ने भी इसे 'दुर्भाग्यपूर्ण नतीजा करार दिया।

ऐसे हुआ पूरा वाक्या

73वें मिनट में अब्दुल्लाह अलाहरक की फ्री-किक पर यूसेफ आयमेन ने हेडर लगाने का प्रयास किया जिसे भारतीय कप्तान और गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने रोक दिया। इसमें वह गिर गए और गेंद मैदान से बाहर चली गई। हाशमी हुसैन किक मारकर गेंद को दोबारा खेल के मैदान में ले आए और आयमेन ने गोल कर दिया। गेंद के मैदान से बाहर जाने पर खेल रोका जाना चाहिए था और कतर को कॉर्नर किक मिलनी चाहिए थी क्योंकि गुरप्रीत गेंद के बाहर जाने से पहले उससे संपर्क करने वाले आखिरी खिलाड़ी थे। हालांकि भारतीय खिलाड़ी तब हताश हो गए जब रेफरी ने कतर को गोल दे दिया और मेहमान टीम के कड़े विरोध के बावजूद मैदानी अधिकारी अपने फैसले पर बरकरार रहा। नियम के अनुसार अगर गेंद 'गोल लाइन या टचलाइन से मैदान पर या हवा में पूरी तरह से बाहर निकल जाती है तो उसे खेल से बाहर माना जाएगा।

ऑस्कर फाउंडेशन की भारी जीत

मुंबई। बांद्रा स्थित नेविल डिसूजा मैदान पर खेले गए मुंबई फुटबॉल एसोसिएशन लीग 2023-24 प्रथम डिवीजन के मुकाबले में ऑस्कर फाउंडेशन की टीम ने स्टीडफॉस्ट एफसी को 7-1 के भारी अंतर से पराजित किया। विजयी टीम की ओर से अजिंक्य वनसरे, ऋषि सरोज और प्रथमेश ने दो-दो तथा राजय चव्हाण ने एक गोल किया, दूसरी ओर से स्टीडफॉस्ट एफसी का एकमात्र गोल करने वाले खिलाड़ी रफीक मंसूरी रहे। अन्य मैचों में बॉक्सर एफसी ने संडे बॉयज एफसी को 3-2 से हराया और पूरे तीन अंक अपने खाते में जमा किए। सुपर डिवीजन कॉरपोरेट वर्ग में टाटा पॉवर स्पोर्ट्स क्लब ने मध्य रेलवे मुंबई मंडल की टीम को 7-1 से हरा दिया।

ऐसी पिच से बराबरी का बन जाता है मुकाबला : जॉनसन

न्यूयॉर्क। नासाउ काउंटी मैदान की पिच की विश्व कप में कड़ी आलोचना की जा रही है। हालांकि कनाडा के सलामी बल्लेबाज आरोन जॉनसन को इससे कोई शिकायत नहीं है। उनका मानना है कि इससे छोटी टीमों के लिए भी मुकाबला बराबरी का बन जाता है। जॉनसन ने पाक के खिलाफ मंगलवार को 52 रन बनाए जो टी-20 क्रिकेट में उनका सर्वोच्च स्कोर है। उनकी टीम हालांकि जीत दर्ज नहीं कर पाई। जॉनसन ने कहा,मैं यह नहीं कहूंगा कि यह सर्वश्रेष्ठ पिच है। यह मुश्किल पिच है लेकिन जब टी-20 क्रिकेट की शुरुआत हुई थी तो 120 से लेकर 130 रन का स्कोर अच्छा माना जाता था। अब

सपाट विकेट बनने लग गए हैं तो टीम 200 रन से भी अधिक का स्कोर बना रही हैं। मेरा मानना है कि इस तरह की पिच भी होनी चाहिए। इससे मुकाबला बराबरी का हो जाता है। केवल पाक ही नहीं अन्य टीमों के खिलाफ भी हमारे पास मौका होता है। जॉनसन ने पाक के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना करते हुए कनाडा को आक्रामक शुरुआत दिलाई। उन्होंने कहा,यह मेरी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ पारी है। आप जानते हैं कि पाक का तेज गेंदबाजी आक्रमण कितना अच्छा है। यह मेरी दो सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक है।

'मटका किंग' का ऐलान

विजय वर्मा को आखिरी बार सारा अली खान और पंकज त्रिपाठी के साथ फिल्म 'मर्डर मुबारक' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। अब विजय ने अपनी आगामी फिल्म 'मटका किंग' का ऐलान कर दिया है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'मटका किंग' से विजय की पहली झलक भी सामने आ गई है, जिसमें उनका धांसू अवतार दिख रहा है। 'मटका किंग' सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि सीधा OTT पर रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म OTT प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी। फिलहाल इस फिल्म की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। निर्माताओं ने पोस्टर साझा कर बताया कि फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है। साईं ताम्हणकर, कृतिका कामरा और गुलशन ग्रोवर जैसे सितारे भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाते हुए नजर आने वाले हैं।

सोनाक्षी ने शादी की खबरों पर तोड़ी चुप्पी

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी शादी को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सोनाक्षी अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ मुंबई में 23 जून को शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। दावा किया जा रहा है कि सोनाक्षी और जहीर रजिस्टर्ड मैरिज करेंगे। उसके बाद 23 जून को शाम में रिसेप्शन पार्टी होगी, जिसमें तमाम बॉलीवुड हस्तियां शामिल होंगी। अब सोनाक्षी ने जहीर से शादी की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है।

यह बहुत मजेदार लगता है- सोनाक्षी

बातचीत में सोनाक्षी ने शादी की खबरों पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'यह किसी का काम नहीं है। यह मेरी पसंद है, इसलिए मुझे नहीं पता कि लोग इसके बारे में इतना चिंतित क्यों हैं। लोग मुझसे मेरे माता-पिता से ज्यादा मेरी शादी के बारे में पूछते हैं, इसलिए मुझे यह बहुत मजेदार लगता है। अब मैं इसकी आदी हो गई हूं। यह मुझे परेशान नहीं करता। लोग उत्सुक हैं। हम इसके बारे में क्या कर सकते हैं?'

सोनाक्षी और जहीर ने फिल्म 'डबल XL' में साथ काम किया

जहीर पेशे से एक अभिनेता हैं। उनका जन्म 10 दिसंबर, 1988 को मुंबई में हुआ था और उनका पूरा नाम जहीर इकबाल रतानसी है। 2014 में जहीर ने सलमान खान की फिल्म 'जय हो' में बतौर सह-निर्देशक काम किया था। इसके बाद जहीर ने फिल्म 'नोटबुक' के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा। यह फिल्म 2019 में रिलीज हुई थी। सोनाक्षी और जहीर 2022 में आई फिल्म 'डबल XL' में साथ काम किया था।

'रौतू का राज' से नवाजुद्दीन सिद्दीकी की पहली झलक आई सामने

अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी को आखिरी बार फिल्म 'सैंधव' में देखा गया था, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। यह उनकी पहली तेलुगु फिल्म थी। अब दर्शक नवाज की आगामी फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिसका नाम 'रौतू का राज' है।

इसके निर्देशन की कमान आनंद सुरापुर ने संभाली है। अब 'रौतू का राज' से नवाज की पहली झलक सामने आ गई है, जिसमें वह पुलीस की वर्दी में नजर आ रहे हैं। 'रौतू का राज' का ट्रेलर आज रिलीज होगा। यह फिल्म सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि सीधा OTT पर रिलीज होगी। यह फिल्म ZEE5 पर दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। 'रौतू का राज' में नवाज के किरदार का नाम SHO दीपक नेगी है। ZEE5 ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'SHO दीपक नेगी अपने अलग अंदाज में हर राज खोलेंगे।' आनंद ने फिल्म का निर्माण उमेश बंसल और चिंटू श्रीवास्तव के साथ मिलकर किया है

'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में आएंगे रैपर बादशाह

डिवाइन और करण औजला भी रहेंगे मौजूद

अभिनेता और कॉमेडियन कपिल शर्मा के कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए एपिसोड का प्रोमो वीडियो रिलीज हो गया है। इस सप्ताह शो में प्रसिद्ध गायक और रैपर बादशाह नजर आने वाले हैं। उनके साथ जाने-माने रैपर डिवाइन और करण औजला भी मौजूद रहेंगे। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के अब तक 11 एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं, जिनकी सफलता के बाद अब दर्शक शो के 12वें एपिसोड का इंतजार कर रहे हैं। नेटफ्लिक्स ने एक्स हैंडल पर 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का नया प्रोमो साझा किया है, जिसमें बादशाह, डिवाइन और करण औजला खूब मस्ती करते नजर आ रहे हैं।

उन्होंने लिखा, 'काम 25 हो या 50 सब छोड़ दो, क्योंकि इस शनिवार, रैप इंडस्ट्री के कोहिनूर बादशाह, डिवाइन और करण

औजला स्टेज पर आग लगाने आ रहे हैं।' 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के इस एपिसोड को आप शनिवार (15 जून) को रात 8 बजे नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

'मुंज्या' : आलिया भट्ट और श्रद्धा कपूर को ऑफर हुआ था अभय वर्मा का किरदार

अभिनेता अभय वर्मा इन दिनों अपनी फिल्म 'मुंज्या' की सफलता का आनंद उठा रहे हैं, जो बीते शुक्रवार यानी 7 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। मोना सिंह और शरवरी वाघ भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। अब इस बीच अभय ने खुलासा किया कि पहले उनका किरदार एक महिला के रूप में लिखा गया था, लेकिन बाद में फिल्म की कहानी में बदलाव किया गया। अभय ने खुलासा किया कि पहले उनका किरदार आलिया भट्ट और श्रद्धा कपूर को ऑफर हुआ था, लेकिन फिल्म की कहानी में बदलाव होने के कारण निर्माताओं ने अभय से संपर्क किया और उन्होंने

तुरंत 'हां' कह दिया। अभय ने कहा, 'पहले मेरा किरदार एक लड़की का होना था। इसे श्रद्धा और उनसे पहले आलिया निभाने वाली थीं। 5 सालों में किरदार में कई बदलाव हुए। मैं हीरोइनों की जगह लेने वाला एकमात्र हीरो हूं। आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बनी फिल्म 'मुंज्या' में वरुण धवन ने मेहमान की भूमिका निभाई है। फिल्म में वरुण अपनी फिल्म 'भेड़िया' के किरदार में नजर आए हैं। छोटे किरदार में उन्होंने पर्दे पर धमाल मचा दिया। दिनेश विजान इस फिल्म के निर्माता हैं। 'स्त्री' और 'भेड़िया' के बाद यह उनकी तीसरी हॉरर-कॉमेडी फिल्म है। बॉक्स ऑफिस पर 'मुंज्या' का सामना राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' से हो रहा है।

न्यूज़ ब्रीफ

स्वाति केस : जमानत के लिए बिभव की दिल्ली हाई कोर्ट से गुहार

नई दिल्ली। स्वाति मालीवाल प्रताड़ना केस के आरोपी अरविंद केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार ने अब दिल्ली हाई कोर्ट का रूख किया है। बिभव

कुमार ने रेगलुर जमानत हासिल करने के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। बिभव कुमार की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हो सकती है। बिभव कुमार को हाल ही में दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट से झटका लगा है। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट के आरोपी बिभव कुमार की याचिका को जज गौरव गोयल ने खारिज किया था। बिभव कुमार की याचिका को खारिज करते हुए कोर्ट ने इस बात पर गौर किया था कि अगर बिभव कुमार को जमानत दी जाती है तो वो इस केस से जुड़े गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।

इजराइली एयरस्ट्राइक में हिजबुल्लाह के सीनियर कमांडर समेत तीन की मौत

लेबनान। इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में एयरस्ट्राइक कर हिजबुल्लाह के एक सीनियर फील्ड कमांडर और दो लड़ाकों को मार डाला। हिजबुल्लाह ने खुद इस बात की पुष्टि की और कहा कि मारा गया कमांडर नाम तालेब अब्दुल्ला था, जिसे लोग अबू तालेब के नाम से जानते थे। इजराइल ने यह एयरस्ट्राइक लेबनान की सीमा के 19 किलोमीटर अंदर की। स्ट्राइक में 50 से ज्यादा बम दागे गए।

DMRC में इंफ्रास्ट्रक्चर विभाग के नए डॉयरेक्टर बने मनुज

नईदिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (DMRC) में इंफ्रास्ट्रक्चर डिपार्टमेंट के नए डॉयरेक्टर मनुज सिंघल होंगे। उन्होंने अपना कार्यभार संभाल लिया है। वे सिविल, इलेक्ट्रिकल, सिग्नल, एएफसी, टेलीकॉम, रोलिंग स्टॉक और सोलर पावर के रखरखाव के प्रभारी होंगे।

PM मोदी आज जाएंगे इटली

नई दिल्ली। PM नरेंद्र मोदी 50 वें जी 7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 13 जून को इटली के दौरे पर रवाना होंगे। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने बताया कि सम्मेलन में भारत एक आउटरीच देश के रूप में आमंत्रित किया गया है। लगातार तीसरे कार्यकाल में पदभार संभालने के बाद यह मोदी की पहली विदेश यात्रा होगी। इससे उन्हें सम्मेलन में उपस्थित अन्य विश्व नेताओं से मिलने का मौका भी मिलेगा।

पेमा खांडू फिर अरुणाचल के CM होंगे, आज लेंगे शपथ

गंगटोक। पेमा खांडू एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री होंगे। बुधवार को बीजेपी विधायक दल की बैठक में उनके नाम पर मुहर लगी है। पेमा कल मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। इस विधानसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य की 60 में से 46 सीटें जीती हैं। पेमा खांडू निर्विरोध विधायक चुने गए। राज्य में भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटी है।

पाकिस्तान-चीन की चुनौती का सामना करेंगे नए सेना प्रमुख

दोपहर एक्सप्लेनर

- केंद्र सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी को नया सेना प्रमुख नियुक्त किया
- 30 जून को ग्रहण करेंगे कार्यभार

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने मंगलवार देर रात लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी को नया सेना प्रमुख नियुक्त कर दिया है। वे 30 जून को कार्यभार ग्रहण करेंगे। द्विवेदी की नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब सरकार सेना में स्वदेशी रक्षा सामग्री के इस्तेमाल को ज्यादा से ज्यादा बढ़ाना चाहती है। इसलिए सेना में स्वदेशी रक्षा सामग्री का बेहतर इस्तेमाल सुनिश्चित करना नये सेना प्रमुख की सबसे बड़ी चुनौती हो सकती है। मौजूदा समय में भारतीय सेना दोहरे मोर्चे पर चुनौतियों का सामना कर रही है। पाकिस्तान के साथ-साथ चीन सीमा पर स्थितियां असामान्य हैं। करीब चार साल पहले पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ उत्पन्न तनाव अभी भी दो बिन्दुओं पर कायम है। उधर, कश्मीर में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमले चिंता का विषय हैं। इन सब मामलों से नये सेना प्रमुख को जूझना होगा। हालांकि जनरल उपेंद्र द्विवेदी इंफ्रेंटी में महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं, इसलिए इन चुनौतियों का मुकाबला करना उनके लिए मुश्किल नहीं होगा।

40 सालों की सेवा के दौरान कई अहम पदों पर रहे

नये सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी के अनुभव की बात करें तो 40 सालों की सेवा के दौरान वे कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। इनमें 18 जम्मू-कश्मीर राइफल्स, ब्रिगेड महानिरीक्षक असम राइफल्स और 9 कोर की कमान प्रमुख का पद शामिल है। वे 2022-24 के बीच इंफेंट्री महानिदेशक और उत्तरी कमान मुख्यालय के कमांडिंग ऑफिसर भी रहे। मौजूदा समय में वे उप सेना प्रमुख के पद पर कार्यरत हैं। द्विवेदी नेशनल डिफेंस कॉलेज और यूएस आर्मी वार कॉलेज के छात्र रहे हैं। उन्होंने सैनिक स्कूल रीवा, मध्य प्रदेश से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की है। उन्होंने आर्मी वार कॉलेज महू में भी अध्ययन किया। उन्हें यूएसए वार कॉलेज कार्लिस्ले में एनडीसी समक्षक कोर्स में विशिष्ट फेलो की उपाधि मिली है। इसके अलावा उन्होंने रक्षा और प्रबंधन में एम फिल और सामरिक अध्ययन एवं सैन्य विज्ञान में दो स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की हैं। उन्हें परम विशिष्ट सेवा पदक (पीवीएसएम) तथा अति विशिष्ट सेवा पदक (एवीएसएम) से भी सम्मानित किया जा चुका है।

स्वदेशी रक्षा सामग्री की स्वीकार्यता बढ़ना होगा

केंद्र सरकार स्वदेशी रक्षा उत्पादन को लगातार बढ़ा रही है और निर्यात बढ़ाने के लिए भी प्रयास हो रहे हैं। ऐसे में सरकार चाहती है कि देश की सेना एवं अन्य सुरक्षा बल घरेलू निर्मित रक्षा उपकरणों का इस्तेमाल करें। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रक्षा उपकरणों को लेकर विश्वास बढ़ेगा और निर्यात में इजाफा हो सकेगा। देश में अब बड़े पैमाने पर रक्षा सामग्री का निर्माण हो रहा है। इससे विदेशी हथियारों पर निर्भरता कम होगी। लेकिन देखा गया है कि अभी भी सैन्य बलों के स्तर पर इसकी स्वीकार्यता कम है, उसे बढ़ाना होगा।

अग्निवीरों के समायोजन की प्रक्रिया तैयार करनी होगी

निकट भविष्य में अग्निवीरों के समायोजन के लिए भी नियम-कायदे तय होने हैं। क्योंकि वर्ष 2026 में अग्निवीरों के पहले बैच से 25 प्रतिशत को स्थाई करना होगा। इसके लिए 2025 में प्रक्रिया तैयार करनी होगी।

आंध्र प्रदेश में नायडू राज

- चंद्रबाबू नायडू ने मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ
- चंद्रबाबू नायडू चौथी बार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री बने
- जनसेना प्रमुख एवं अभिनेता पवन कल्याण मंत्री बने
- टीडीपी से 20, जनसेना से तीन और भाजपा से एक मंत्री ने शपथ ली

175 है आंध्र प्रदेश विधानसभा में कुल सदस्यों की संख्या

आंध्र प्रदेश विधानसभा में कुल सदस्य संख्या 175 है। इसके अनुसार, मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सहित 26 मंत्री हो सकते हैं। मंगलवार को अलग-अलग बैठकों में टीडीपी और एनडीए सहयोगियों ने नायडू को अपना नेता चुना था। आंध्र प्रदेश में एनडीए में टीडीपी, भाजपा और जनसेना शामिल हैं। आंध्र प्रदेश में हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में कुल 175 विधानसभा सीट में से एनडीए ने 164 सीट पर जीत दर्ज कर बहुमत हासिल किया। एनडीए ने आंध्र प्रदेश में लोकसभा की 25 में से 21 सीट पर जीत दर्ज की है।

एजेंसी । अमरावती

तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर यह उनका चौथा कार्यकाल होगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री मौजूद थे। जनसेना प्रमुख एवं अभिनेता पवन कल्याण डिप्टी CM बने। चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश समेत अन्य ने मंत्री पद की शपथ ली। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने नायडू और अन्य को शपथ दिलाई। इसके अलावा, टीडीपी विधायक के. अच्चेन्नायडू, पी. नारायण, कोल्लू रवींद्र, निम्मला राम नायडू, अनिता वंगालापुडी, अनम रामनारायण रेड्डी, कोलुसु पार्थसारथी, एनएमडी फारूक, पय्यावुला केशव, ए. सत्य प्रसाद, डोला श्रीबाला वीरंजनेय स्वामी, गोट्टीपति रवि कुमार, जी. संध्या रानी, बीसी जनार्दन रेड्डी, टीजी भारत, एस. सविता, वासमसेट्टी सुभाष, कोंडापल्ली श्रीनिवास और मंडीपल्ली राम प्रसाद रेड्डी ने भी शपथ ली। जनसेना पार्टी से नादेंदला मनोहर और कंदुला दुर्गेश जबकि भाजपा विधायक सत्य कुमार यादव ने मंत्री पद की शपथ ली।

प्रधानमंत्री मोदी ने नायडू की पीठ थपथपाई

शपथ लेने के बाद चंद्रबाबू नायडू को प्रधानमंत्री मोदी ने गले लगाया और उनकी पीठ थपथपाई। बाद में, प्रधानमंत्री ने अभिनेता चिरंजीवी और पवन कल्याण का हाथ पकड़कर उनसे आत्मीयता से बात की और मंच पर तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ओ. पन्नीरसेल्वम, तमिल सुपरस्टार रजनीकांत और उनकी पत्नी लता के साथ बातचीत भी की। हाल में हुए चुनाव में नायडू ने अपनी कुप्पम सीट बरकरार रखी, जबकि पवन कल्याण और लोकेश ने पिथापुरम और मंगलगिरि विधानसभा क्षेत्रों से जीत हासिल की।

कार्यक्रम के गवाह बने ये नेता

केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी तथा जेपी नड्डा और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी इस मौके पर मौजूद थे। पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमण और अभिनेता रजनीकांत तथा चिरंजीवी भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

निर्मला सीतारमण ने वित्त मंत्रालय का संभाला कार्यभार

जल्द वित्त वर्ष 2025 के लिए अंतिम बजट पेश करेंगी

नई दिल्ली। निर्मला सीतारमण ने लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए वित्त मंत्रालय का कार्यभार बुधवार को संभाल लिया। वह जल्द वित्त वर्ष 2025 के लिए अंतिम बजट पेश करेंगी, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत तीसरी सरकार की प्राथमिकता तथा विकसित भारत की दिशा तय करेगा।

नॉर्थ ब्लॉक स्थित कार्यालय में सीतारमण के कार्यभार संभालने के दौरान वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी मौजूद थे। चौधरी ने मंगलवार शाम को पदभार ग्रहण किया। आधिकारिक बयान के अनुसार, कार्यभार संभालने के बाद वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों के मंत्री को विभिन्न विभागों के सचिवों द्वारा मौजूदा नीतिगत मुद्दों की जानकारी दी गई। सीतारमण ने कहा कि सरकार अपने नागरिकों के जीवन की सुगमता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस संबंध में आगे भी कदम उठाती रहेगी। उन्होंने कहा कि 2014 से किए गए सुधार जारी रहेंगे, जिससे भारत व्यापक आर्थिक स्थिरता तथा वृद्धि हासिल करेगा। उन्होंने विभागों से एनडीए सरकार के विकास एजेंडे को नए जोश के साथ आगे बढ़ाने तथा प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए उत्तरदायी नीति निर्माण सुनिश्चित करने को कहा। सीतारमण ने कहा कि सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास में विश्वास रखती है। उन्होंने मजबूत तथा जीवंत अर्थव्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए उद्योग जगत के लोगों, नियामकों और नागरिकों सहित सभी हितधारकों से निरंतर समर्थन और सहयोग का आह्वान किया।

सिक्किम विधानसभा के नए अध्यक्ष बने शेरपा

गंगटोक। सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) विधायक मिंगमा नोरबू शेरपा को बुधवार को सर्वसम्मति से सिक्किम विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया। राज कुमारी थापा को सर्वसम्मति से सदन का उपाध्यक्ष चुना गया। प्रोटेम

स्पीकर संजीत खरेल ने सदस्यों के मतदान के लिए प्रस्ताव रखा, जिन्होंने सर्वसम्मति से शर्मा को सदन का अध्यक्ष चुना। दारामदीन से दो बार विधायक रहे शर्मा पिछली प्रेम सिंह तमांग सरकार में मंत्री थे। कार्यभार संभालने के बाद नए विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा उपाध्यक्ष पद के लिए राजकुमारी थापा की उम्मीदवारी के बारे में एक प्रस्ताव पढ़ा। 44 वर्षीय थापा को भी सदन ने सर्वसम्मति से चुना। वे रांगांग-यांगांग निर्वाचन क्षेत्र से दो बार विधायक रह चुकी हैं। इससे पहले प्रोटेम स्पीकर खरेल ने सदन के सभी 31 सदस्यों को शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने सबसे पहले शपथ ली। वे दो निर्वाचन क्षेत्रों (रेनॉक और सोरेंग-चाकुंग) से विधायक चुने गए हैं।

हज यात्रा के लिए 15 लाख से अधिक विदेशी मुसलमान पहुंचे मक्का

शुक्रवार से शुरू हो रही हज यात्रा, मक्का का तापमान 42 डिग्री पहुंचा

एजेंसी । मक्का

आगामी शुक्रवार से शुरू हो रही वार्षिक हज यात्रा से पहले हज जायरीन बड़ी संख्या में सऊदी अरब के मक्का पहुंचे हैं। मंगलवार तक 15 लाख से अधिक विदेशी हज जायरीन देश में पहुंच चुके हैं। इनमें से अधिकतर दुनिया भर के अलग-अलग देशों से हवाई मार्ग से यहां पहुंचे। मंगलवार यहां का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया और जायरीन धूप से बचने के लिए छतरी के साथ नजर आए।

2023 में 18 लाख से ज्यादा लोगों ने किया था हज

सऊदी अधिकारियों के मुताबिक, शुक्रवार से शुरू हो रहे हज के लिए और भी लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। इसके अलावा, सऊदी अरब में रहने वाले हजारों मुसलमान और अन्य लोग भी हज में शामिल होंगे। उम्मीद है कि इस साल हज यात्रा में शामिल होने वाले लोगों की संख्या 2023 से ज्यादा होगी। उन्होंने बताया कि 2023 में 18 लाख से ज्यादा लोगों ने हज किया था। जबकि कोविड महामारी से पहले, 2019 में 24 लाख से ज्यादा मुसलमानों ने हज किया था। आपको बता दें कि शुक्रवार को तीर्थयात्री अराफात पर्वत पर जाएंगे, फिर कुछ मील दूर मुजदलिफा (एक चट्टानी मैदानी क्षेत्र) में जाएंगे। मुजदलिफा में, तीर्थयात्री मदीना में शैतान का प्रतिनिधित्व करने वाले स्तंभों पर प्रतीकात्मक पत्थर मारने के लिए कंकड़ इकट्ठा करते हैं। दुनिया की सबसे बड़ी धार्मिक सभाओं में से एक, हज इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है।

पथमेड़ा है गौ तीर्थ, महाराज जी के दर्शन करने आऊंगा : चंपत राय

एजेंसी । पथमेड़ा

श्री गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा लोक पुण्यार्थ न्यास के सचिव गौ सेवक नरेंद्र पुरोहित (धानोल) से मुलाकात में विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष चंपत राय ने कहा गौ सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं। यहां की एक-एक गौशाला में 25 हजार गौ माता हैं, मैं समझता हूं कि यह गौतीर्थ है।

गौरतलब है कि सिरोही में विश्व हिंदू परिषद की प्रबुद्ध जन की बैठक का आयोजन हुआ। इस दौरान राजस्थान के जानेमाने लोग यहां पहुंचे और राष्ट्र व समाज की दशा व दिशा पर गहन चर्चा हुई। इस दौरान श्री गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा लोक पुण्यार्थ न्यास के सचिव गौ सेवक नरेंद्र पुरोहित (धानोल) ने चंपत राय को पथमेड़ा आने का निमंत्रण दिया। चंपत राय ने कहा कि गौ सेवा से मनुष्य का जीवन सफल हो जाता है। मैं पथमेड़ा के गौ ऋषि श्री दत्त शरणानंद जी महाराज के कई बार दर्शन कर चुका हूं। उनकी गौशालाओं के बारे में बहुत कुछ सुना है। पथमेड़ा में लाखों गौवंश की सेवा हो रही है। एक-एक गौशाला में 25-25 हजार गाएं हैं। मैं जल्द ही पथमेड़ा आने का प्रयास करूंगा।

अपराध जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाओं में तेजी पर भारतीय खुफिया एजेंसियों का खुलासा

ISI को खटक रही लोकतांत्रिक प्रक्रिया और पर्यटकों की आवाजाही

एजेंसी । नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में अचानक से आतंकी घटनाओं में तेजी के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ बताया जा रहा है। भारतीय खुफिया एजेसियों की रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है। सुरक्षा एजेंसी से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि बीते दिनों लोकसभा चुनाव के दौरान जम्मू-कश्मीर में बंपर वोटिंग से पाकिस्तान में बैठे आतंकियों के आका बौखलाए हुए हैं। उन्हें अपने वजूद और सपोर्ट बेस की चिंता होने लगी है। मोदी सरकार की तीसरी पारी में पाकिस्तान की उपेक्षा से भी आतंकी सरगना बौखलाए हुए हैं। उन्हें लग रहा है कि अगर मोदी सरकार की कश्मीर नीति सफलतापूर्वक आगे बढ़ती रही तो वे धीरे-धीरे इस क्षेत्र में अप्रासंगिक हो जाएंगे।

9 जून से एक के बाद तीन आतंकी घटनाओं को दिया गया अंजाम :

9 जून से एक के बाद एक तीन आतंकी घटनाओं को लेकर खुफिया एजेंसी से जुड़े सूत्र कहते हैं कि जम्मू-कश्मीर में अगले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव से पहले दहशतगर्द वहां खौफ फैलाना चाहते हैं। इसलिए लगातार हमले कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि लोकसभा चुनाव के दौरान वोटिंग और लोकतंत्र को लेकर जो सकारात्मक माहौल बना है उसे पटरी से उतारा जाए। इसके अलावा हाल के दिनों में जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की लंबी-लंबी कतारें भी आईएसआई को खटक रही है

समर्थन पर खतरा मंडराया

सुरक्षा जानकारों का कहना है कि जम्मू-कश्मीर में अच्छी वोटिंग को आतंकियों के लिए खतरे की घंटी माना जा रहा है। पाकिस्तान की एजेंसियां चाहती हैं कि किसी भी सूरत में यहां अस्थिरता बनी रहे। लोकतंत्र में जनता की भागीदारी से आतंकियों को जमीनी मदद मिलनी बंद हो सकती है। उन्हें वैचारिक समर्थन भी मिलना बंद हो जाएगा। पाकिस्तान में बैठे आतंकियों के आकाओं ने इसी खौफ में हमले बढ़ा दिए हैं।

टीआरएफ गुट कर रहा हमले

खुफिया इनपुट के मुताबिक टीआरएफ का ऑफशूट हिट स्क्वाड जो फॉल्कन स्क्वाड के नाम से जाना जाता है, वह इन हमलों को अंजाम दे रहा है। इस गिरोह में विदेशी दहशतगर्द भी शामिल हैं। इसलिए ये तत्व घाटी में अमन के माहौल को किसी भी हालत में खत्म करना चाहते हैं।

पाकिस्तान से आए हैं आतंकी

सूत्रों के मुताबिक जम्मू में पिछले तीन दिनों में हुए तीन हमले में लश्कर और जैश से जुड़े छद्म गुटों की भागीदारी सामने आई है। ये दहशतगर्द कुछ महीने पहले पाकिस्तान से भारत में दाखिल होकर जम्मू की पहाड़ियों में छिपकर अपनी गतिविधियां चला रहे है। सुरक्षा एजेंसियां इतनी तलाश कर रही हैं।

एनआईए को मिल सकती रियासी की जांच

रियासी हमले की जांच में एजेंसियों व एनआईए ने अभी तक जो सुराग जुटाए है उसके आधार पर कहा जा सकता है कि विदेशी आतंकियों के साथ-साथ लोकल ओवर ग्राउंड वर्कर भी इसमें शामिल थे। जल्द जमीनी इनपुट के आधार पर एनआईए को हमले की जांच पूरी तरह से सौंपी जा सकती है।

विश्वस्तरीय आधुनिक बुनियादी ढांचा खड़ा किया जाएगा : गडकरी

गडकरी सड़क परिवहन मंत्रालय का कार्यभार संभाला

एजेंसी । नई दिल्ली

नितिन गडकरी ने बुधवार को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में देश में तेजी से विश्वस्तरीय आधुनिक बुनियादी ढांचा खड़ा किया जाएगा। गडकरी के साथ अजय टम्टा और हर्ष मल्होत्रा ने बतौर राज्य मंत्री पदभार ग्रहण किया।

तीसरी बार संभाल रहे मंत्रालय का कामकाज

तीसरी बार मंत्रालय का कामकाज संभालने वाले गडकरी को रोडकरी के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने पिछले एक दशक में देश का रोड नेटवर्क 91,287 किलोमीटर (2014) से बढ़ाकर 1,46,145 किलोमीटर (2023) पहुंचा दिया है। इस प्रकार देश में 54,858 किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार किया गया है।